

04
राजस्थान से सत्ता में महिलाओं की भागीदारी

इंदौर, भोपाल से एक साथ प्रकाशित

मृदुभाषी

सच्ची ख़बरें, सलीके के साथ

03
बेटी के विवाह में खर्च घटाकर बचाए आधा करोड़



youtube.com/mradubhashi x.com/mradubhashi1 facebook.com/mradubhashi

इंदौर, सोमवार, 30 नवम्बर 2026 नगर संस्करण, वर्ष: 07, अंक: 72, पृष्ठ: 08, मूल्य: 5:00 रूपए

न्यूज इन ब्रीफ

पाकिस्तान ने सेना सऊदी अरब भेजी



नई दिल्ली। पाकिस्तान ने मक्का जॉइंट डिफेंस एग्रीमेंट के तहत सऊदी अरब की सुरक्षा के लिए अपनी सेना भेजी है। यमन के हूती विद्रोहियों के लगातार हमलों के बीच पाकिस्तानी सैनिक सऊदी अरब की रक्षा में मदद करेंगे। पाकिस्तान मक्का और मदीना की दो पवित्र मस्जिदों की सुरक्षा में भी सहयोग करेगा। सऊदी अरब के अनुसार हूती विद्रोहियों ने कई बार मस्जिदों को निशाना बनाने की कोशिश की है।

रूस से सीजफायर को तैयार: जेंलेंस्की



नई दिल्ली। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध को समाप्त करने की दिशा में यूक्रेन ने सीजफायर की पेशकश की है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रविवार को अल जजीरा को दिए इंटरव्यू में कहा कि उनका देश दोनों देशों की सेनाओं की मौजूदा तैनाती वाली जगहों पर ही युद्ध रोकने के लिए तैयार है। इसके बाद युद्ध समाप्त करने के लिए बातचीत शुरू की जा सकती है। जेलेंस्की ने इसे यूक्रेन की ओर से बड़ा समझौता बताया।

NDA कैडेट्स देश की सुरक्षा ढाल: राजनाथ



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि नेशनल डिफेंस एकेडमी (NDA) से पास होने वाले कैडेट्स देश की सुरक्षा ढाल हैं। उनकी ताकत, अनुशासन और समर्पण देश की सीमाओं के साथ स्कूलों, अस्पतालों और दूसरे संस्थानों की भी रक्षा करेगा। सिंह शनिवार को होने वाली पासिंग आउट परेड से एक दिन पहले आयोजित डिनर कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कैडेट्स के माता-पिता से भी मुलाकात की। NDA के 151वें कोर्स में 365 कैडेट्स हुए पास आउट हुए।

543 से 850 सीटों तक का सफर, महिला आरक्षण और सियासी समीकरणों पर टिकी नजरें; विपक्ष को एकजुट करने की कोशिश नाकाम, अब डीएमके भी सरकार के साथ

आज संसद में परिसीमन की परीक्षा

मृदुभाषी। नई दिल्ली

संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत सोमवार, 30 नवंबर से होने जा रही है और इस बार सदन में सबसे बड़ा सियासी इम्तिहान परिसीमन विधेयक का होगा। यह केवल लोकसभा की सीटें बढ़ाने का मामला नहीं है, बल्कि इसके साथ देश का चुनावी नक्शा, राज्यों का प्रतिनिधित्व और महिला आरक्षण का भविष्य भी जुड़ा हुआ है। सरकार जहां इसे संवैधानिक प्रक्रिया और समान प्रतिनिधित्व की दिशा में बड़ा कदम बता रही है, वहीं विपक्ष इसे राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल किए जाने की आशंका जता रहा है।

30 नवंबर से 3 दिसंबर तक चलने वाले संसद सत्र में सरकार परिसीमन से जुड़े महिला आरक्षण प्रस्ताव को संविधान संशोधन के जरिए आगे बढ़ाने की कोशिश करेगी। प्रस्ताव के तहत लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों को बढ़ाकर अधिकतम 850 तक करने की योजना है। साथ ही लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का रास्ता तैयार करने की कोशिश होगी। सरकार की निगाहें 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले लागू करने पर हैं।

'पिक्चर अभी बाकी'

महिला आरक्षण और परिसीमन बिल को लेकर केंद्र सरकार और विपक्ष के बीच बयानबाजी तेज हो गई है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और कांग्रेस नेता जयराम रमेश के बीच सोशल मीडिया पर तंज का सिलसिला देखने को मिला। जयराम रमेश ने एक्स पर 'पिक्चर अभी बाकी है ब्रो' लिखकर पोस्ट किया, तो रिजिजू ने जवाब में महिलाओं के सशक्तीकरण के वास्तविक काम पर सवाल उठाया। इस बीच नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) की सांसद शर्मिला सरकार और शताब्दी रॉय ने बिल का समर्थन किया है।





बड़े बेआबरू होकर...

कांग्रेस के दिग्गज नेता डीएमके प्रमुख स्टालिन को मनाने पहुंचे, लेकिन बात नहीं बनी और राहुल गांधी, खरगे, सोनिया निराश होकर लौट गए।



चेन्नई तक पहुंची सियासी कोशिश लेकिन स्टालिन नहीं बदले

परिसीमन विधेयक पर विपक्षी एकजुटता की परीक्षा संसद शुरू होने से पहले ही दिखाई देने लगी है। कांग्रेस और INDIA ब्लॉक ने डीएमके प्रमुख एवं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को अपने पक्ष में लाने के लिए पूरी ताकत लगा दी। सोनिया गांधी, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे सहित विपक्षी नेताओं का प्रतिनिधिमंडल रविवार को चेन्नई पहुंचा और स्टालिन से मुलाकात की। इस मुलाकात की रणनीति टीएमसी सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने तैयार की थी। उनकी सलाह थी कि सोनिया गांधी विपक्षी नेताओं के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करें और स्टालिन के साथ-साथ शरद पवार को भी विधेयक का समर्थन नहीं करने के लिए मनाया जाए। विपक्ष की कोशिश थी कि डीएमके समर्थन से पीछे नहीं हटती तो कम से कम मतदान से अनुपस्थित रहने पर विचार करे। लेकिन कांग्रेस की यह कोशिश कामयाब नहीं हुई। स्टालिन ने स्पष्ट कर दिया कि डीएमके अपने सांसदों की बैठक में परिसीमन विधेयक का समर्थन करने का फैसला कर चुकी है। उनके मुताबिक, विधेयक गिरने की स्थिति में तमिलनाडु को मिलने वाली न्यूनतम सुरक्षा भी समाप्त हो सकती है। इसलिए राज्य के हितों को देखते हुए उनकी पार्टी समर्थन करेगी।

बिल पर विपक्ष के सामने सबसे बड़ी चुनौती एकजुटता

परिसीमन के मुद्दे पर विपक्ष के भीतर भी अलग-अलग राय सामने आ रही है। कांग्रेस जहां सरकार की मंशा पर सवाल उठा रही है, वहीं डीएमके का कहना है कि तमिलनाडु के हितों की रक्षा के लिए मौजूदा प्रस्ताव का समर्थन करना जरूरी है। विपक्षी दलों की चिंता है कि आबादी के आधार पर परिसीमन होने पर दक्षिण भारतीय राज्यों का संसद में प्रतिनिधित्व प्रभावित हो सकता है। जिन राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन किया है, उन्हें भविष्य में राजनीतिक प्रतिनिधित्व के मामले में नुकसान उठाना पड़ सकता है। यही वजह है कि परिसीमन का मुद्दा अब केवल संवैधानिक बहस नहीं, बल्कि उत्तर और दक्षिण भारत के बीच प्रतिनिधित्व के संतुलन का सवाल भी बन गया है।

'हजारिका के गीत सुनें नाराज फूफा': मोदी

रविवार को दिल्ली में डॉ. भूपेन हजारिका की जन्म शताब्दी समारोह के कार्यक्रम में पीएम मोदी ने विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि देश की उपलब्धियों पर कुछ लोग 'नाराज फूफा' की तरह घूमते रहते हैं। ऐसे लोगों को भूपेन दा के गीत बार-बार सुनने चाहिए। शायद उन्हें सद्बुद्धि आ जाए। प्रधानमंत्री मोदी ने डॉ. भूपेन हजारिका को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने भारत की भावनाओं को आवाज दी।



मन की बात में मोदी बोले- नशे की लत युवाओं के लिए बड़ी चुनौती

मृदुभाषी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 140वें एपिसोड में युवाओं के बीच बढ़ती नशे की समस्या को गंभीर चुनौती बताते हुए इस पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि आज देश के युवा बड़े-बड़े सपने देख रहे हैं, लेकिन नशा उनके सामने एक बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज ऐसे अनेक उदाहरण सामने आए हैं, जिन लोगों ने ड्रग्स के खिलाफ संघर्ष किया और नशे की लत से बाहर निकलकर अपनी जिंदगी को नई दिशा दी।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने एक ऐसे युवक से फोन पर बातचीत की, जिसने नशे की लत से बाहर निकलने के अपने अनुभव साझा किए। पीएम मोदी ने उससे पूछा कि वह नशे की गिरफ्त में कैसे आया। युवक ने बताया कि वह दिल्ली के सदर बाजार में रहता था और आसपास लोगों को नशा करते देख उसने दसवीं कक्षा में पहली बार नशा किया था। शुरुआत में यह शौक



था, लेकिन धीरे-धीरे उसे इसकी लत लग गई। स्थिति ऐसी हो गई कि घर के सारे पैसे नशे में खर्च होने लगे। प्रधानमंत्री ने युवक से पूछा कि वह इस लत से बाहर कैसे निकला। इस पर युवक ने बताया कि उसके माता-पिता का निधन कम उम्र में हो गया था और वह अपनी नानी के पास रहने लगा था। नानी के निधन के बाद वह अकेला पड़ गया। उस दौरान वह नशे की गिरफ्त में था और सड़कों पर भटकता रहता था। युवक ने बताया कि एक समय ऐसा आया जब उसे महसूस हुआ कि नशे के कारण वह अपनी जिंदगी में सब कुछ खो चुका है।

सिरफिरे ने छात्रा पर तेजाब फेंका

नई दिल्ली। लखनऊ में रिश्ते के चाचा ने शादी से इनकार पर घर में घुसकर 18 साल की 12वीं की छात्रा पर तेजाब फेंक दिया।

इस दौरान चाचा भी बुरी तरह झुलस गया। इसके बाद चाचा भागने लगा, तो छात्रा की घायल मां ने उसे पकड़ लिया। और चाकू मारे। इस बीच चाचा ने अपने दाहिने हाथ की नस काट ली। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने 5 लोगों को केजीएमयू में एडमिट कराया। इनमें तौसीफ शाह के अलावा छात्रा, उसके पिता शाहनवाज (40), मां (40) और भाई शामिल हैं। शाहनवाज कारपेंटर का काम करते हैं। दरअसल, 25 साल के तौसीफ शाह उर्फ मुन्ना की शादी नहीं हुई है।

AAP को बड़ा झटका: विधायक डॉ. चरणजीत सिंह ने छोड़ी पार्टी

मृदुभाषी। नई दिल्ली

पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (AAP) को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। रूपनगर जिले की चमकौर साहिब विधानसभा सीट से पार्टी के विधायक डॉ. चरणजीत सिंह ने AAP से इस्तीफा देकर शिरोमणि अकाली दल (SAD) का दामन थाम लिया है। SAD प्रमुख सुखबीर सिंह बादल ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। चुनाव से पहले AAP छोड़ने वाले डॉ. चरणजीत सिंह चौथे विधायक हैं।

आगामी विधानसभा चुनाव के लिए AAP ने चमकौर साहिब सीट से जसबीर सिंह गढ़ी को



अपना उम्मीदवार घोषित किया है। पार्टी का टिकट नहीं मिलने से डॉ. चरणजीत सिंह नाराज चल रहे थे। जसबीर गढ़ी को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद उन्होंने पहले ही ऐलान कर दिया था कि वह इस बार विधानसभा चुनाव जरूर लड़ेंगे। उनके अगले राजनीतिक कदम को लेकर पहले चर्चा थी कि वह भाजपा में शामिल हो सकते हैं। इससे पहले AAP छोड़ चुके तीन विधायकों के भाजपा में जाने के कारण भी इस तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं। हालांकि, भाजपा और शिरोमणि अकाली दल के बीच गठबंधन के बाद डॉ. चरणजीत सिंह ने SAD का रुख किया और सुखबीर बादल की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हो गए।

इजराइल में बेंजामिन नेतन्याहू और आइजनकोट की बैठक बेनतीजा

मृदुभाषी। नई दिल्ली

इजराइल में सरकार गठन को लेकर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और याशार पार्टी के प्रमुख गादी आइजनकोट के बीच रविवार को हुई दो घंटे की बैठक बेनतीजा रही। दोनों नेताओं के बीच मिलकर सरकार बनाने पर सहमति नहीं बन सकी। जानकारी के अनुसार, नेतन्याहू ने रोटेशन के तहत आधे-आधे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री पद का प्रस्ताव दिया था, जिसके तहत पहले आइजनकोट और बाद में नेतन्याहू को प्रधानमंत्री बनना था, लेकिन आइजनकोट ने इसे स्वीकार नहीं किया। बैठक के बाद आइजनकोट ने कहा कि वे अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ हैं और सरकार बनने के बाद नेतन्याहू की पार्टी भी तय शर्तों के साथ इसमें शामिल हो सकती है। गौरतलब है कि अक्टूबर में हुए चुनावों में किसी भी



दल या गठबंधन को स्पष्ट बहुमत नहीं मिल सका था। इजराइल के राष्ट्रपति ने गादी आइजनकोट को 6 दिसंबर तक सरकार बनाने का समय दिया है। यदि वे सरकार बनाने में असफल रहते हैं, तो नेतन्याहू को मौका मिलेगा और उनके भी बहुमत न जुटा पाने की स्थिति में देश में दोबारा चुनाव होने की संभावना बन सकती है।

मॉडल स्कूल में आयोजन | **19.40 लाख से अधिक छात्राओं को स्वच्छता किट के लिए मिलेंगे 300 रुपए**

प्रदेश के 53.81 लाख बच्चों को गणवेश के लिए सिंगल क्लिक मिलेंगे 600-600 रुपए

मृदुभाषी। नई दिल्ली

सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए सोमवार का दिन खास रहने वाला है। मुख्यमंत्री मोहन यादव भोपाल के टीटी नगर स्थित आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (मॉडल स्कूल) में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के 53 लाख 81 हजार 597 विद्यार्थियों के बैंक खातों में गणवेश राशि अंतरित करेंगे। निःशुल्क गणवेश योजना के तहत कक्षा पहली से आठवीं तक के पात्र विद्यार्थियों को दो जोड़ी गणवेश खरीदने के लिए 600-600 रुपये दिए जाते हैं, जिसके लिए कुल 322 करोड़ 89 लाख 58 हजार 200 रुपये की राशि सीधे बच्चों के खातों में भेजी जाएगी।

इसके साथ ही कार्यक्रम में मैन्स्ट्रुअल हाइजीन किट फॉर एडोलसेंट गर्ल्स योजना के तहत छात्राओं को भी सौगात मिलेगी। इस योजना में कक्षा सातवीं से बारहवीं तक की पात्र छात्राओं को स्वच्छता किट खरीदने के लिए 300-300 रुपये प्रदान किए जाते हैं।



मुख्यमंत्री प्रदेश की 19 लाख 40 हजार से अधिक छात्राओं के खातों में करीब 58 करोड़ 20 लाख रुपये की राशि भी अंतरित करेंगे। इसी आयोजन के दौरान मुख्यमंत्री भोपाल के मुंगालिया छाप क्षेत्र में बनने वाले समेकित शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान भवन का वर्चुअल भूमिपूजन भी करेंगे। 10.40 एकड़ भूमि पर 98 करोड़ 11 लाख रुपये की लागत से तैयार होने वाले इस परिसर में स्कूल शिक्षा विभाग के विभिन्न प्रशिक्षण संस्थानों के कार्यालय एक ही छत के नीचे संचालित होंगे, जिनमें राज्य स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान, राज्य शैक्षिक प्रबंधन एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा राज्य मूल्यांकन केंद्र शामिल हैं।

मालवा मुद्रा महोत्सव में गुप्तकालीन दुर्लभ स्वर्ण सिक्के बने आकर्षण का केंद्र

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। शहर के बास्केटबॉल क्लब में चल रहे तीन दिवसीय मालवा मुद्रा महोत्सव में गुप्तकाल के दुर्लभ सोने के सिक्के लोगों के आकर्षण का मुख्य केंद्र बने हुए हैं। इन ऐतिहासिक सिक्कों पर कहीं शासक राजदंड थामे दिखाई देते हैं, तो कहीं धनुष-बाण से शेर का शिकार करते हुए नजर आते हैं।

कई मुद्राओं पर देवी लक्ष्मी और मां दुर्गा की आकृतियां भी उकेरी गई हैं, जिनकी अनुमानित संग्रहणीय कीमत 1.25 लाख रुपए से लेकर 2.5 लाख रुपए तक बताई गई है। महोत्सव में देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे संग्राहकों ने अपने दुर्लभ संग्रह प्रदर्शित किए हैं।



गुप्तकाल को भारतीय इतिहास का स्वर्ण युग

चौथी से छठी शताब्दी के गुप्तकाल को भारतीय इतिहास का स्वर्ण युग कहा जाता है, जब कला, साहित्य, विज्ञान और व्यापार ने नई ऊंचाइयों को छुआ। गुप्त शासकों द्वारा जारी सोने के सिक्कों को 'दीनार' कहा जाता था, जिन पर शासकों की वेशभूषा, शस्त्रों और गतिविधियों के माध्यम से उनकी पहचान और उपलब्धियों को उकेरा जाता था। बारीक नक्काशी और धार्मिक प्रतीकों से सजे ये सिक्के उस दौर की समृद्धि की गवाही देते हैं। विंटेज कॉइन कलेक्टर निशांत पारीक के अनुसार, गुप्तकाल में सोने की मुद्राओं का प्रचलन व्यापक था और आमजन भी इनका उपयोग करते थे, जबकि अन्य कई राजवंशों में दैनिक लेन-देन के लिए तांबा और चांदी अधिक प्रचलित थे।

8 ग्राम वजनी स्वर्ण सिक्का विशेष आकर्षण

प्रदर्शनी में रखा समुद्रगुप्त का करीब 8 ग्राम वजनी स्वर्ण सिक्का विशेष आकर्षण है, जिसमें शासक हाथ में राजदंड लिए दिखते हैं, हाथ के नीचे ब्राह्मी लिपि में संस्कृत का 'समुद्र' शब्द दर्ज है और दूसरी ओर देवी लक्ष्मी की आकृति बनी है; इसकी अनुमानित कीमत 1.25 लाख से 1.50 लाख रुपए है।

वहीं, चंद्रगुप्त द्वितीय (विक्रमादित्य) के 'आर्चर टाइप' सिक्के पर धनुष लिए राजा की छवि उनकी युद्धकला को दशार्ती है, जिसकी कीमत 1.35 लाख से 1.45 लाख रुपए के बीच आंकी गई है। इसके अलावा 'लायन स्लेयर टाइप' सिक्के में शेर का शिकार करते राजा और दूसरी तरफ मां दुर्गा की आकृति दिखती है, जिसकी कीमत करीब 2.5 लाख रुपए बताई गई है। महोत्सव में नागपुर के संग्राहक अविनाश रामटेके ने वारंगल के काकतीय राजवंश का एक बेहद छोटा स्वर्ण सिक्का भी रखा है, जो बड़े लेन-देन के लिए उपयोग होने वाले छोटे मूल्यवर्ग के सिक्कों के लघु आकार को दशार्ता है।

कार के बोतल होल्डर में छिपाई थी 2.40 लाख रुपए की ड्रग्स

दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर । शहर में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाते हुए क्राइम ब्रांच ने 24.71 ग्राम एमडी (मेफेड्रोन) ड्रग्स के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

रविवार को मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि आरोपियों के कब्जे से करीब 2.40 लाख रुपए कीमत की ड्रग्स, एक टवेरा कार और एक हीरो स्प्लेंडर बाइक जब्त की गई है। जब्त किए गए कुल मशरूके की कीमत करीब 4.80 लाख रुपए आंकी गई है। चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी टवेरा कार के अंदर बाइक रखकर घूम रहे थे और नशीला पदार्थ कार के ड्राइवर साइड के दरवाजे में बने बोतल होल्डर में छिपाकर रखा गया था।

कार में दो युवक संदिग्ध हालत में बैठे दिखे

पुलिस के अनुसार क्राइम ब्रांच की टीम सुपर कॉरिडोर स्थित पिलर नंबर 132 के पास सर्विस रोड पर संदिग्धों की तलाश में चेकिंग कर रही थी।

इसी दौरान सड़क किनारे खड़ी एक टवेरा कार में दो युवक संदिग्ध हालत में बैठे दिखे, जिनकी कार के भीतर एक मोटरसाइकिल भी रखी हुई थी। पुलिस ने घेराबंदी कर पूछताछ की तो दोनों घबराने लगे। आरोपियों की पहचान जावरा (जिला रतलाम) निवासी 28 वर्षीय वारिस मंसूरी और बांसवाड़ा (राजस्थान) निवासी 25 वर्षीय समीर खान के रूप में हुई। कार की तलाशी लेने पर दरवाजे के बोतल होल्डर से एमडी ड्रग्स बरामद हुई, जबकि कार में रखी बाइक को आरोपियों ने खराब बताया। थाना क्राइम ब्रांच इंदौर में आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/22 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, हम्माली करने वाला वारिस नौवीं कक्षा तक और ड्राइवरी करने वाला समीर दूसरी कक्षा तक पढ़ा है।

पुलिस अब दोनों से ड्रग्स के सप्लायर और अंतरराज्यीय नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है। गौरतलब है कि वर्ष 2026 में क्राइम ब्रांच अब तक एनडीपीएस एक्ट के 100 मामलों में 219 आरोपियों को गिरफ्तार कर 3.55 किलो से अधिक एमडी ड्रग्स, 41 किलो गांजा, 500 किलो भांग, ब्राउन शुगर और कोकीन सहित करीब 4.74 करोड़ रुपए का माल जब्त कर चुकी है।



कलचुरी समाज का 5वाँ परिचय सम्मेलन 10 को

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। म.प्र. जायसवाल कलचुरी महासभा द्वारा समाज के उच्च शिक्षित युवक-युवतियों को एक सशक्त एवं विश्वसनीय मंच प्रदान करने के उद्देश्य से पांचवें उच्च शिक्षित युवक-युवती परिचय सम्मेलन का भव्य आयोजन 10 जनवरी को एक निजी होटल में किया जाएगा। महासभा के संरक्षक विजयकांत जायसवाल, संरक्षक ओमप्रकाश जायसवाल तथा युवा संरक्षक एवं मीडिया प्रभारी अभिषेक चौकसे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस परिचय सम्मेलन के माध्यम से समाज के उच्च शिक्षित युवक-युवतियों को एक ही मंच पर अपने योग्य जीवनसाथी के चयन का अवसर मिलेगा। सम्मेलन में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में शिक्षा एवं उपलब्धियां हासिल करने वाले युवक-युवतियां शामिल होंगे। महासभा अध्यक्ष सुनील जायसवाल, महासचिव विनोद वर्मा एवं कोषाध्यक्ष नवीन जायसवाल ने बताया कि सम्मेलन की तैयारियों को लेकर महासभा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं भव्य स्वरूप देने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया। महिला प्रदेश अध्यक्ष ज्योति जायसवाल, युवा प्रदेश अध्यक्ष देवोत्तम राय एवं युवा महिला प्रदेश अध्यक्ष शीतल जायसवाल ने बताया कि वर्तमान समय में योग्य जीवनसाथी का चयन परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण विषय है। महासभा ने युवक-युवतियों का पंजीयन करवाने की अपील की। बैठक में मुख्य रूप से श्रीमती अर्चना जायसवाल, विजय मालवीय, प्रह्लाद जायसवाल, दीपक चौकसे एवं भगवान दास राय ने अपने विचार व्यक्त किए संचालन अभिषेक चौकसे ने किया ।

वन इंदौर, रन इंदौर मैराथन में उमड़ा उत्साह

मुख्यमंत्री ने दिलाई जल संरक्षण की शपथ, नशा मुक्ति का संदेश

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। शहर में वन इंदौर, रन इंदौर के संदेश के साथ आयोजित मैराथन में बड़ी संख्या में शहरवासियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। दौड़ 10 किलोमीटर, 5 किलोमीटर और 3 किलोमीटर की तीन श्रेणियों में आयोजित की गई, जिसमें युवाओं और महिलाओं सहित विभिन्न वर्गों के नागरिकों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, मंत्री तुलसी सिलावट, पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रबुद्धजन मौजूद रहे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य फिटनेस, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण और नशामुक्ति के प्रति जन-जागरूकता फैलाना रहा।



मुख्यमंत्री ने दिलाई जल संरक्षण की शपथ

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ने के साथ हुई। मुख्यमंत्री ने शहरवासियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाते हुए पानी बचाने का आह्वान किया और लोगों से नशे से दूर रहकर इंदौर को ड्रग्स फ्री बनाने का संकल्प लेने की अपील की। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप देशभर में स्वच्छता, पर्यावरण व जल संरक्षण और फिटनेस को लेकर जनभागीदारी से अभियान चलाए जा रहे हैं, तथा इंदौर भी इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए मैराथन के जरिए सकारात्मक संदेश दे रहा है।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इंदौर के नागरिक हर अभियान में बढ़-चढ़कर सहभागिता करते हैं और शहर की जागरूकता, अनुशासन व सामूहिक प्रयास ही उसे नई पहचान दिलाते हैं। आयोजन के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, जल व पर्यावरण बचाने और नशे से दूर रहने का व्यापक संदेश दिया गया।

एमआर-10 जंक्शन पर 300 करोड़ से बना तीन मंजिला ब्रिज 95% तैयार

रोजाना 50 हजार वाहन चालकों को मिलेगी राहत

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। मध्य भारत के सबसे बड़े शहर इंदौर से चार राष्ट्रीय राजमार्ग जुड़े हैं, जिनमें से तीन एमआर-10 जंक्शन से होकर गुजरते हैं। इन राजमार्गों पर यातायात को सुगम बनाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा जंक्शन पर करीब 300 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित तीन मंजिला ब्रिज का 95 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है।

ब्रिज के दो हिस्से खोल दिए गए हैं और अब केवल अंडरपास को इंदौर-हरदा फोरलेन मार्ग से जोड़ने का कार्य शेष है। इस ब्रिज के बनने से प्रतिदिन 50 हजार से अधिक वाहन चालकों का सफर आसान होगा।



स्टार चौराहे तक बनाई जा रही सड़क

एमआर-10 जंक्शन को राष्ट्रीय राजमार्गों का अहम तिराहा माना जाता है, जहां से एबी रोड के अतिरिक्त इंदौर-अहमदाबाद और इंदौर-नागपुर हाईवे जुड़ते हैं। नागपुर की ओर जाने वाले वाहनों के लिए इंदौर और हरदा के बीच बना 25 किलोमीटर लंबा बायपास यातायात के लिए खुल चुका है, जिसका ट्रैफिक अब अंडरपास के माध्यम से एमआर-10 जंक्शन से जोड़ा जाएगा। अंडरपास का निर्माण पूरा होने के बाद अब स्टार चौराहे तक सड़क बनाई जा रही है।

पहले शहर की तरफ आने वाले वाहनों को छोटे बोगदों से गुजरना पड़ता था, जिससे होटल और मैरिज गार्डन वाले इस क्षेत्र की सर्विस रोड पर अक्सर जाम लगता था, लेकिन अब ब्रिज के नीचे से एमआर-10 रोड और बेस्ट प्राइस की ओर से वाहनों की आवाजाही सुगम हो गई है।

पुलिस का ऑपरेशन मिडनाइट: 1544 संदिग्धों की जांच

इंदौर। अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से इंदौर पुलिस ने शनिवार रात चारों जोन में एक साथ ऑपरेशन मिडनाइट चलाया। वरिष्ठ अधिकारियों और थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस बल ने सड़कों से लेकर संकरी गलियों तक सरप्राइज चेकिंग और पेट्रोलिंग की। हॉटस्पॉट व शैडो एरिया में ड्रोन से निगरानी रखी गई, जबकि संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त कर जांच की गई। अभियान के दौरान गुंडे-बदमाशों समेत लगभग 1544 संदिग्धों को चेक किया गया, जिनमें से 762 लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई। होटल, लॉज और रैन बसेरों में भी संदिग्धों की पड़ताल हुई।

कार्रवाई के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले 286 चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई कर वाहन जब्त किए गए; अंतरराज्यीय बसों और भारी वाहनों के चालकों की भी ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने के 18 और मादक पदार्थों के सेवन पर एनडीपीएस एक्ट के 3 प्रकरण दर्ज हुए।

अभ्यास मंडल की 67वीं शीतकालीन व्याख्यानमाला के पोस्टर का विमोचन

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। शहर की प्रतिष्ठित संस्था अभ्यास मंडल की 67वीं शीतकालीन व्याख्यानमाला के निमंत्रण पत्र और पोस्टर का विमोचन इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित एक समारोह में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति शांतनु केमकर ने कहा कि समाज में स्वस्थ संवाद, वैचारिक आदान-प्रदान और सार्थक विमर्श की परंपरा को जीवित रखने में ऐसी व्याख्यानमालाओं की अहम भूमिका है।

उन्होंने नर्मदा जल इंदौर लाने में अभ्यास मंडल के ऐतिहासिक योगदान को याद करते हुए शहर की यातायात समस्या पर चिंता जताई और नागरिक जागरूकता को आवश्यक बताया। साथ ही, जल संकट के मद्देनजर पानी बचाने का आह्वान करते हुए विश्वास जताया कि इंदौरवासी इसमें भी वैसा ही सहयोग करेंगे जैसा स्वच्छता में नंबर वन बनाने के लिए किया है।



अभ्यास मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्रबुद्धजनों, युवाओं और विद्यार्थियों से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की, जबकि संचालन वैशाली खरे ने किया। यह छह दिवसीय व्याख्यानमाला 5 से 10 दिसंबर 2026 तक इंदौर प्रेस क्लब में आयोजित होगी, जिसमें देश के प्रतिष्ठित वक्ता समसामयिक विषयों पर विचार रखेंगे।

व्याख्यानमाला का शुभारंभ 5 दिसंबर को सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी के व्याख्यान न्यायपालिका और जनविश्वास से होगा। इसके पश्चात 6 दिसंबर को डॉ. जवाहर कर्नावट भारतीय संस्कृति और भाषाओं का वैश्विक स्वरूप, 7 दिसंबर को पद्मश्री डॉ. पुखराज बाफना ह्यजीवन जीने की शैली, 8 दिसंबर को डॉ. रागिनी नायक महिला आरक्षण की राह और चुनौतियां तथा 9 दिसंबर को हेमंत मुक्तिबोध भारत पर औपनिवेशिक मानसिकता के प्रभाव, परिणाम और उनसे मुक्ति के भारतीय प्रयास विषय पर संबोधित करेंगे। 10 दिसंबर को समापन सत्र में मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्रसिंह तोमर सक्रिय सामाजिक जीवन में युवाओं की भागीदारी विषय पर अपना उद्बोधन देंगे।

भगवान को हरि ओम का जल अर्पित

उज्जैन । श्री महाकालेश्वर मंदिर में रविवार तड़के 4 बजे भस्म आरती के लिए मंदिर के पट खोले गए। पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित सभी प्रतिमाओं का पूजन किया। इसके बाद भगवान महाकाल का जलाभिषेक कर दूध, दही, घी, शक्कर और फलों के रस से बने पंचामृत से पूजन किया गया। भगवान को त्रिशूल, त्रिपुंड और डमरू के साथ भांग अर्पित कर श्रृंगार किया गया। भगवान को हरि ओम का जल अर्पित किया गया। इसके बाद कपूर आरती कर श्रृंगार पूरा किया गया। ज्योतिर्लिंग को कपड़े से ढांककर भस्मी रमाई गई।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **संजय रामलाल यादव, मीना पति संजय यादव** निगम में दर्ज नाम **संजय रामलाल यादव** झोन क्र. 5 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ सह-स्वामित्व पंजीकरण के अनुसार प्रस्तुत कर **सर्विस /पिन नंबर 9000276498** पता **160 पुराना, नया 105/1, रोड नं. 12, न्यू देवास रोड, इंदौर** पर नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक **30.11.2026** से 15 दिवस की अवधि में किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण पर आपत्ति हो तो जोन क्रमांक 5 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अवधि पश्चात वह बिना लेखी प्रमाण प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी जोन क्रमांक 5, इ.न. पा. नि. इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक/विक्रेता **श्री नीतेश चुघ** पता **145, एग्जेटिका ग्रीन्स, इन्दौर**, खाता क्र. **1004046222** झोन क्र. 19 क्रेता का नाम **श्रीमती शिल्पा वर्मा पतिश्री महेन्द्र वर्मा** इस जाहिर सूचना प्रकाशन **30.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 19 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक/विक्रेता **श्री नीतेश चुघ** पता **145, एग्जेटिका ग्रीन्स, इन्दौर**, खाता क्र. **1004046222** झोन क्र. 19 क्रेता का नाम **श्रीमती शिल्पा वर्मा पतिश्री महेन्द्र वर्मा** इस जाहिर सूचना प्रकाशन **30.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 19 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक/विक्रेता **श्री मोहम्मद रफीक पिता श्री मोहम्मद सईद** पता **49, वैभव नगर एक्स., से.-बी 301, श्लोक निवास, इन्दौर**, खाता क्र. **9000105508** झोन क्र. 19 क्रेता का नाम **श्रीमती अंजू वर्मा पतिश्री नितिन वर्मा ।** इस जाहिर सूचना प्रकाशन **30.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 19 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदक/विक्रेता **श्रीमती ज्योति गुप्ता पतिश्री किशोर गुप्ता** पता **148, श्री अग्रवाल नगर, पैकी पूर्व भाग दिशा का भाग, ग्राम भिचौली मर्दाना, तह. भिचौली हप्सी, इन्दौर**, खाता क्र. **9000332208** झोन क्र. 19 क्रेता का नाम **महिमा देशलेहरा पतिश्री गौरव देशलेहरा।** इस जाहिर सूचना प्रकाशन **29.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, झोन क्रमांक 19 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता **अधि. खेमराज पिताश्री नानुराम राठौर** के द्वारा झोन **क्रमांक 14** राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर पता **1901 पैकी, द्वारकापुरी कॉलोनी, इन्दौर** के नाम पर दर्ज संपत्ति का नामांतरण क्रेता **अंजु पिताश्री लालू बवेल के** नाम पर चाहा गया है। पिन नं. **1003128992** इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक **30.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति, वित्त संस्था, बैंक, निकाय को आपत्ति हो तो **झोन क्र. 14** के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, राजेंद्र धारकर झोन, झोन क्रमांक 14 नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता **श्रीमती सुशीलाबाई पतिश्री नत्थुलाल मौर्य** के द्वारा **झोन क्रमांक 14** राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर पता **भू.क्र. 06, पैकि पूर्व-दक्षिण भाग क्र. 6/7, ग्राम सिरपुर, श्रद्धापुरी कॉलोनी, कॉलोनी, इन्दौर** के नाम पर दर्ज संपत्ति का नामांतरण क्रेता **विशाल पिताश्री हेमराज बागड़ी** के नाम पर चाहा गया है। पिन नं. **1002893836** इस जाहिर सूचना प्रकाशन दिनांक **30.11.2026** से 15 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति, वित्त संस्था, बैंक, निकाय को आपत्ति हो तो **झोन क्र. 14** के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी, राजेंद्र धारकर झोन, झोन क्रमांक 14 नगर पालिका निगम इंदौर

समत्व भवन में मुख्यमंत्री ने की खरीफ उपार्जन की समीक्षा, 20 जनवरी तक चलेगी धान खरीदी और 23 तक लिए जाएंगे ज्वार-बाजरा

एक दिसंबर से 2441 रुपए प्रति क्विंटल बिकेगा धान

मृदुभाषी। भोपाल



खरीफ फसलों की सरकारी खरीदी को लेकर सरकार पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने रविवार को समत्व भवन में खरीफ उपार्जन वर्ष 2026-27 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि खरीदी केंद्रों पर किसानों को किसी भी तरह की असुविधा नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने दो टूक कहा कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी रहे और तकनीकी खामी की वजह से कोई भी वास्तविक किसान अपनी उपज बेचने से वंचित न रहे। प्रदेश में ज्वार और बाजरा की खरीदी 23 दिसंबर तक चलेगी, जबकि धान का उपार्जन एक दिसंबर से शुरू होकर 20 जनवरी तक किया जाएगा। समीक्षा बैठक में तय किया गया कि इस बार धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2441 रुपये प्रति क्विंटल रहेगा। किसानों की सुविधा के लिए खरीदी केंद्र सप्ताह में सोमवार से शुक्रवार तक सुबह आठ बजे से रात आठ बजे तक खुले रहेंगे। व्यवस्थाओं को चुस्त रखने के लिए केंद्रों पर तौल और उपज की गुणवत्ता की डिजिटल निगरानी की जाएगी, वहीं बारदाना, परिवहन और भंडारण के पुख्ता इंतजाम पहले से सुनिश्चित करने को कहा गया है। धान परिवहन में लगने वाले ट्रकों के पंजीयन का सत्यापन भी सॉफ्टवेयर के माध्यम से होगा। आंकड़ों पर नजर डालें तो इस साल प्रदेश में धान का रकबा 41 लाख 54 हजार हेक्टेयर रहा है, जिससे 1 करोड़ 47 लाख 73 हजार मीट्रिक टन उत्पादन का अनुमान है। उपज बेचने के लिए अब तक 8 लाख 91 हजार 412 किसानों ने पंजीयन कराया है, जिसमें पहली बार एग्रीस्टेक के डाटा का उपयोग किया गया है। खरीदी के लिए धान के 1433 और मोटे अनाज के 56 केंद्र बनाए गए हैं। मुख्यमंत्री ने ज्वार और बाजरा जैसे मिलेट्स की खेती को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए सभी कलेक्टरों और एसडीएम को खरीदी व्यवस्था की निरंतर निगरानी करने और सत्यापन के दौरान पात्र किसानों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजन व महिलाओं संग सुनी मन की बात

वर्ष 2029 तक प्रदेश और देश को नशामुक्त बनाने का संकल्प



मृदुभाषी। भोपाल

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात सामूहिक चेतना, जनभागीदारी और सकारात्मकता को नई दिशा दे रहा है। उन्होंने बताया कि इस कड़ी में नशे की लत से जूझने वाले व्यक्ति के संघर्ष और नशा छोड़ने के अनुभवों से स्पष्ट होता है कि नशा किस तरह जीवन को प्रभावित करता है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की कि वे अपने परिवार, रिश्तेदारों और आसपास नशे की गिरफ्त में आए लोगों को इससे बाहर निकालने में आगे आएं। उन्होंने 2029 तक भारत और मध्य प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने सामाजिक न्याय संचालनालय के सभागार में दिव्यांगजन, माताओं और बहनों के साथ मन की बात कार्यक्रम की 140वीं कड़ी सुनी और संबोधित किया। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह तथा भोपाल की महापौर मालती राय भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजन और महिलाओं पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया, वहीं महिलाओं ने परिसीमन और महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक के लिए आभार जताते हुए उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने दिव्यांगजन को ट्राई साइकिल और स्वेटर तथा महिलाओं को स्वेटर वितरित किए और दिव्यांगजन के साथ सेल्फी भी ली। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना और स्व-सहायता समूहों के माध्यम से समाज के हर वर्ग को सशक्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शारीरिक सीमाओं के बावजूद प्रतिभा की कोई सीमा नहीं होती और इसके उदाहरण के रूप में ऋषि अष्टावक्र, सूरदास, रामभद्राचार्य, स्टीफन हॉकिंग और रवीन्द्र जैन का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिव्यांगता की श्रेणियों को सात से बढ़ाकर 21 किया गया है, जिनके तहत पेंशन, शिक्षा, विवाह सहायता, खेलकूद और सिविल सेवाओं में प्रोत्साहन सहित विभिन्न सुविधाएं दी जा रही हैं। आयोजन में जनप्रतिनिधि, दिव्यांगजन और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

भोपाल के बड़वई में कबाड़ गोदाम में भीषण आग

भोपाल। भोपाल के बड़वई में रविवार सुबह कबाड़ के एक गोदाम में लगी आग ने दमकलकर्मियों को छह घंटे तक उलझाए रखा। प्लास्टिक और पुट्ठे के बड़े ढेर के कारण आग तेजी से फैलती रही। हालात ऐसे थे कि आग से उठता धुएं का गुबार करीब पांच किलोमीटर दूर तक दिखाई दे रहा था। तीन दमकलों की मदद से लगातार पानी और फोम डालने के बाद दोपहर करीब तीन बजे आग पर काबू पाया जा सका। आग सुबह करीब नौ बजे लगी थी। सूचना मिलते ही गांधीनगर और कबाड़खाना समेत अलग-अलग स्थानों से दमकलें मौके पर पहुंचीं। फायर फाइटर पंकज यादव सहित दमकलकर्मियों ने मोर्चा संभाला। गोदाम में ज्वलनशील प्लास्टिक और पुट्ठा बड़ी मात्रा में रखा होने से आग अंदर तक सुलगती रही। पानी डालने के बाद भी आग पूरी तरह शांत नहीं हो रही थी। ऐसे में फोम का इस्तेमाल करना पड़ा। गोदाम गांव से लगा हुआ है। ऐसे में आग आसपास फैलने की आशंका से ग्रामीणों में भी चिंता रही। आग लगने की सूचना पर बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने भी दमकलकर्मियों की मदद की। धुएं के कारण आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी हुई। राहत की बात यह रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, हालांकि गोदाम में रखा बड़ी मात्रा में सामान जल गया। दमकलकर्मियों के मुताबिक, प्लास्टिक और पुट्ठे के ढेर में आग अंदर तक पहुंच गई थी। ऊपर से पानी डालने के बावजूद कई जगह आग सुलगती रही।

10 लाख सैलरी का लालच देकर बुलाया था शहर

तंजानिया की युवती को भोपाल में बंधक बनाकर किया दुष्कर्म

मृदुभाषी। भोपाल



राजधानी के कोलार थाना क्षेत्र में तंजानिया की एक युवती को होटल में बंधक बनाकर मारपीट और दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी भी अफ्रीकी देश के युवक-युवती हैं, जो कोलार क्षेत्र में रहते हैं। उन्होंने पीड़िता को 10 लाख रुपये मासिक वेतन की नौकरी का झांसा देकर भोपाल बुलाया था। युवती के शहर पहुंचने पर उसे कोलार स्थित एक होटल में ठहराया गया, जहां थोड़ी देर बाद पहुंचे युवक-युवती ने उस पर देह व्यापार करने का दबाव बनाया। पीड़िता के बयान के अनुसार, आरोपियों ने कहा कि इतनी बड़ी रकम देह व्यापार के जरिए ही कमाई जा सकती है और इसी उद्देश्य से उसे यहां बुलाया गया है। युवती ने जब देह व्यापार से इंकार किया और पुलिस को शिकायत करने की चेतावनी दी, तो आरोपियों ने उसे होटल के कमरे में बंधक बनाकर मारपीट की और युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता की शिकायत पर भोपाल पुलिस ने बंधक बनाने, मारपीट और दुष्कर्म सहित अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है, जिसकी रिपोर्ट की प्रतीक्षा की जा रही है। पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है और यह भी जांच कर रही है कि यह जोड़ा भोपाल या मध्य प्रदेश में देह व्यापार का कोई गिरोह तो नहीं चला रहा है। इसके लिए पुलिस विभिन्न होटलों से आरोपियों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।

ईंट भट्ठे के पास तेज रफ्तार ट्रक और स्कूली वैन की भिड़ंत, चालक गंभीर रूप से घायल

मृदुभाषी। शहडोल



जिले के अमलाई थाना क्षेत्र में ईंट भट्ठे के पास बीती रात तेज रफ्तार ट्रक और स्कूली ओमनी वैन के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में वैन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से बाहर निकालकर एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। गनीमत रही कि घटना के समय वैन में स्कूली बच्चे या अन्य कोई सवारी मौजूद नहीं थी, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन का अगला हिस्सा पूरी तरह पिचक गया और वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के मुताबिक, चालक रात के समय वैन लेकर कहीं जा रहा था, तभी सामने से आए तेज रफ्तार ट्रक ने वैन को टक्कर मार दी। सूचना मिलते ही अमलाई पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को नियंत्रित करते हुए दुर्घटना में शामिल ट्रक को जब्त कर लिया। थाना प्रभारी के अनुसार मामले की जांच की जा रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि क्षतिग्रस्त वैन किस स्कूल से संबद्ध थी तथा चालक रात में कहां जा रहा था।

IAS वालिम्बे को सेवानिवृत्ति के बाद मिली संविदा नियुक्ति, मुख्यमंत्री कार्यालय में बने रहेंगे ओएसडी



मृदुभाषी। भोपाल

मध्य प्रदेश में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी चंद्रशेखर वालिम्बे को सेवानिवृत्ति के बाद एक वर्ष के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (ओएसडी) के पद पर संविदा नियुक्ति दी गई है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 25 नवंबर को जारी आदेश के अनुसार, 30 नवंबर को सेवानिवृत्त हो रहे वालिम्बे एक दिसंबर 2026 से अपनी नई जिम्मेदारी संभालेंगे। यह संविदा नियुक्ति एक साल की अवधि अथवा आगामी आदेश तक, जो भी पहले हो, प्रभावी रहेगी, जबकि उनकी सेवा शर्तें पृथक से जारी की जाएंगी। 26 नवंबर 1966 को जन्मे वालिम्बे पूर्व में राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रहे हैं और वर्ष 2017 में विभागीय पदोन्नति समिति की प्रक्रिया के माध्यम से उन्हें आईएएस में पदोन्नति मिलने के बाद 2010 बैच का कैडर आवंटित हुआ था। वर्तमान में वे मुख्यमंत्री सचिवालय में अपर सचिव के रूप में पदस्थ होकर मुख्यमंत्री के कार्यक्रमों के समन्वय व निर्धारण सहित अन्य विभागीय दायित्व संभाल रहे हैं, जिन्हें अब वे सेवानिवृत्ति के पश्चात ओएसडी के तौर पर जारी रखेंगे।

ओंकारेश्वर मंदिर विस्तारीकरण परियोजना में अब 36 की जगह 15 मकान आएंगे जद में

मृदुभाषी। खंडवा

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत ओंकारेश्वर और ममलेश्वर मंदिर परिसर के विस्तारीकरण परियोजना को संशोधित किया गया है, जिसके बाद प्रभावित होने वाले मकानों की संख्या 36 से घटकर अब 15 रह गई है। जिला कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के बाद जानकारी दी कि ममलेश्वर परियोजना को लेकर पिछली बैठक में ही सहमति बन चुकी थी, जिसमें अब केवल 5 मकान प्रभावित हो रहे हैं। वहीं, ओंकारेश्वर मंदिर विस्तारीकरण योजना पर पूर्व में सहमति नहीं बन पाने के कारण इसे दोबारा तैयार किया गया, जिसमें वेटिंग हॉल्स को पुनर्गठित करने और कुछ स्थानों में बदलाव करने से दायरे में आने वाले मकानों की संख्या कम होकर 15 हो गई है। इनमें 6 मकान बड़चौक की ओर और 9 मकान झूला पुल की ओर स्थित हैं। कलेक्टर ने बताया कि इन 15 मकानों के पुनर्व्यस्थापन के लिए सभी स्टेकहोल्डर्स को 8 संभावित स्थल दिखाए गए हैं, जिन पर सांसद और विधायक की अध्यक्षता में हुई बैठक में उपयुक्त संयोजन का चयन कर प्रक्रिया आगे बढ़ाने पर सहमति बनी है। इसके अतिरिक्त, समीक्षा के दौरान कैनाल किनारे बन रही सड़क, जल निकासी व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पार्किंग स्थलों को 80 एमएम के पेवर ब्लॉक्स से पक्का करने के कार्यों पर भी चर्चा की गई। मंदिर परिसर के विकास कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर एजेंसी नियुक्त कर दी गई है, जिससे निर्माण कार्य में जल्द तेजी आएगी।

101 बेटियों को मिलेगा शिक्षा और विवाह का सहारा

बेटी के विवाह में खर्च घटाकर जरूरतमंद कन्याओं के लिए आधा करोड़ की पहल



मृदुभाषी। इंदौर

शहर में एक विवाह समारोह फिजूलखर्ची के बजाय समाजसेवा की मिसाल बन गया। यहां संगम नगर स्थित श्रीराम मंदिर में रविवार को हुए विवाह में परिवार ने शादी के कई खर्चों में कटौती कर करीब आधा करोड़ रुपये की राशि 101 आर्थिक रूप से कमजोर कन्याओं की शिक्षा और विवाह में सहयोग के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया। जानकारी के अनुसार, इंदौर के विकास अवस्थी ने अपनी बेटी श्यामा अवस्थी के विवाह को इस पहल से जोड़ा और आयोजन के दौरान 101 कन्याओं को आर्थिक सहायता देने के लिए वचन पत्र सौंपे। इस योजना के तहत प्रत्येक चयनित कन्या को पढ़ाई के लिए प्रतिवर्ष 5100 रुपये छात्रवृत्ति और विवाह के समय 51 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी। इस कदम में दुल्हन श्यामा ने भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए कैटरिंग के मेन्यू से लेकर महंगे परिधान, श्रृंगार और आभूषणों तक के खर्च कम करने का निर्णय लिया, ताकि बचाई गई राशि जरूरतमंद बेटियों के काम आ सके। विवाह के अगले पखवाड़े में जिन तीन कन्याओं का विवाह तय है, उन्हें समारोह में 51-51 हजार रुपये के चेक प्रदान किए गए, जबकि शेष 98 कन्याओं को वचन पत्र दिए गए। इस अवसर पर विधायक गोलू शुक्ला, सत्यनारायण सत्तन, विनायक पांडे, स्वप्निल कोठारी, राजेंद्र शुक्ला और संजय शुक्ला सहित लोग उपस्थित रहे।



सम्पादकीय

यूरिया सब्सिडी में आगे बढ़कर व्यापक सुधारों पर हो जोर

केंद्र सरकार यूरिया सब्सिडी को केंद्र प्रायोजित योजना (सीएसएस) में बदलने पर विचार कर रही है। इसके तहत राज्यों को व्यय में हिस्सेदारी करनी होगी। यह दिखाता है कि देश की उर्वरक सब्सिडी व्यवस्था सरकारी वित्त पर कितना दबाव डाल रही है।

जानकारी के मुताबिक अभी चर्चा आरंभिक दौर में है और इसमें केंद्र और राज्य सरकारों के बीच 70:30, 60:40 या 50:50 की हिस्सेदारी हो सकती है। इसके पीछे दलील केंद्र सरकार का वित्तीय बोझ कम करने की है और साथ ही राज्यों को उर्वरक वितरण तथा उसके गैर कृषि इस्तेमाल पर रोक लगाने के लिए जवाबदेह बनाने की भी। बहरहाल, व्यय को स्थानांतरित करने से ढांचागत समस्याओं का निदान नहीं होगा।

केंद्र सरकार ने 2026-27 के बजट में उर्वरक सब्सिडी के लिए 1.71 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया था, लेकिन 16 नवंबर तक इस राशि का लगभग 86 फीसदी खर्च किया जा चुका था। बजट में निर्धारित सब्सिडी का करीब 68 फीसदी हिस्सा यूरिया के लिए है। आयातित यूरिया पर खर्च 43,246 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था, जबकि पुनः आवंटित बजट 44,001 करोड़ रुपये था। फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएआई) ने अनुमान लगाया है कि चालू वित्त वर्ष में कुल सब्सिडी बिल बढ़कर 2.5 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है जो बजट में निर्धारित राशि से 46 फीसदी अधिक होगा।

यह स्थिति तब है जब उर्वरकों की कुल खपत पिछले साल के 7 करोड़ टन से घटकर 6.5-6.7 करोड़ टन रहने की उम्मीद है। ये आंकड़े बताते हैं कि सब्सिडी का बोझ केवल उर्वरकों की अत्यधिक खपत या उनकी हेराफेरी का नतीजा नहीं है। वैश्विक कीमतों में उतार-चढ़ाव और आयात पर निर्भरता भी इसके प्रमुख कारण हैं।

स्थानीय आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निगरानी रखने, असामान्य खरीद की पहचान करने और रियायती दर पर उपलब्ध यूरिया को औद्योगिक उपभोक्ताओं तक पहुंचने से रोकने के लिहाज से राज्य सरकारों की स्थिति बेहतर है। हालांकि यदि खुदरा कीमतें, सब्सिडी की दरें और खरीद की व्यवस्था तय करने का अधिकार केंद्र के पास ही रहता है तो राज्यों को निर्णय लेने का अधिकार मिले बिना ही खर्च का बोझ साझा करना पड़ेगा। इससे कमजोर राज्यों पर असमान दबाव पड़ सकता है। खासकर उन राज्यों पर जहां कृषि संबंधी जरूरतें अधिक हैं।

महत्त्वपूर्ण बात यह है कि प्रस्तावित व्यवस्था उर्वरकों की कीमतों में मौजूद विसंगतियों को दूर करने में बहुत कम मदद करती है। यूरिया की 45 किलोग्राम की एक बोरी 267 रुपये की तय कीमत पर बेची जाती है। इसकी उत्पादन लागत या आयात लागत और खुदरा कीमत के बीच के अंतर की भरपाई केंद्र सरकार विनिर्माताओं को सब्सिडी देकर करती है। इससे फास्फोरस और पोटेशियम की तुलना में नाइट्रोजन काफी सस्ता हो जाता है, जिससे किसान यूरिया का अत्यधिक इस्तेमाल करते हैं और पोषक तत्वों की खपत में असंतुलन पैदा हो जाता है। पोषक तत्व आधारित सब्सिडी (एनबीएस) व्यवस्था को यूरिया पर भी लागू करने के प्रस्ताव पर विचार किया जाना चाहिए। एनबीएस के तहत सब्सिडी किसी खास उर्वरक की आपूर्ति लागत के बजाय उसमें मौजूद अलग-अलग पोषक तत्वों के आधार पर तय की जाती है। इससे पोषक तत्वों की सापेक्ष कीमतों को तर्कसंगत बनाने और उर्वरकों के संतुलित इस्तेमाल को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। इस व्यवस्था में सावधानी से बदलाव करना होगा ताकि किसानों की कृषि लागत में अचानक बढ़ोतरी न हो। साथ ही सब्सिडी का खर्च साझा करने से सरकारी वित्तीय स्थिति अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उतार-चढ़ाव के असर से सुरक्षित नहीं हो जाएगी।

भारतीय खाद्य संस्कृति पर आघातों से सुप्रीम कोर्ट चिन्तित

ललित गर्ग

भारत की पहचान केवल उसकी आध्यात्मिकता, विविधता और संस्कृति से नहीं, उसकी रसोई से भी होती है। हमारी रसोई में स्वाद के साथ स्वास्थ्य, ऋतु के साथ संतुलन और भोजन के साथ संस्कार जुड़े रहे हैं। दादी-नानी के हाथों का भोजन केवल पेट भरने का साधन नहीं था, वह परिवार की सेहत की पहली पाठशाला था। दाल, बाजरा, ज्वार, रागी, हरी सब्जियां, मौसमी फल, छाछ, अंकुरित अनाज, मसालों का संतुलित उपयोग और घर का ताजा भोजन भारतीय जीवन-पद्धति की ताकत रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ दशकों में हमारी थाली धीरे-धीरे बदल गई है। स्वाद के नाम पर बाजार ने हमारी रसोई में प्रवेश किया और सुविधा के नाम पर पैकेट ने घर की कड़ाही को पीछे धकेलना शुरू कर दिया। इसी बदलती खाद्य संस्कृति के बीच सुप्रीम कोर्ट का हालिया निर्देश एक महत्वपूर्ण चेतावनी की तरह सामने आया है। सुप्रीम कोर्ट ने खाद्य पैकेटों पर फ्रंट-ऑफ-पैक पोषण लेबलिंग को मजबूत करने का निर्देश देते हुए कहा है कि अधिक शुगर, सैचुरेटेड फैट और नमक वाले उत्पादों पर अलग-अलग स्पष्ट चेतावनी चिह्न हों। न्यायालय ने 'टोटल शुगर' और 'सैचुरेटेड फैट' को प्रमुखता से दिखाने तथा 'हाई शुगर', 'हाई फैट और 'हाई साल्ट' जैसे स्पष्ट संकेत देने की दिशा में कदम उठाने को कहा है। उद्देश्य बिल्कुल स्पष्ट है- उपभोक्ता को वह जानकारी सामने मिले, जिसे वह छोटे अक्षरों में खोजते-खोजते अक्सर छोड़ देता है।

यह फैसला केवल लेबल बदलने का फैसला नहीं है, यह उस सोच को बदलने का प्रयास है जिसमें चमकदार पैकेट देखकर भोजन की गुणवत्ता तय कर ली जाती है। आज बाजार में किसी उत्पाद का विज्ञापन उसकी पौष्टिकता से अधिक आकर्षक पैकेजिंग, स्वाद और सुविधा बेचता है। बच्चे रंगीन



पैकेट से आकर्षित होते हैं, युवा त्वरित भोजन को जीवनशैली समझने लगे हैं और व्यस्त परिवारों के लिए डिब्बाबंद भोजन समय बचाने का आसान विकल्प बन गया है। समस्या तब पैदा होती है जब सुविधा धीरे-धीरे आदत और आदत बीमारी में बदल जाती है। सबसे बड़ा खतरा यह है कि भोजन का अर्थ बदल रहा है। भोजन कभी जीवन को पोषण देने की प्रक्रिया था, अब वह तेजी से उपभोग की वस्तु बन रहा है। अधिक नमक, अधिक चीनी और अधिक वसा हमारे स्वाद की इंद्रियों को तो संतुष्ट कर सकते हैं, लेकिन शरीर की जरूरतों को नहीं। स्वाद की जीभ छोटी अवधि की खुशी चाहती है, जबकि शरीर दीर्घकालिक संतुलन मांगता है। बाजार ने हमारी जीभ को जीतने की कोशिश की है, अब हमें अपने विवेक को जीतना होगा।

भारत जैसे देश में यह चुनौती और गंभीर है, क्योंकि यहां भोजन केवल व्यक्तिगत पसंद नहीं, संस्कृति का हिस्सा है। हमारी परंपरा में 'जैसा अन्न वैसा मन' की धारणा रही है। भोजन को आयु, ऋतु, प्रकृति और श्रम के अनुरूप लेने की परंपरा थी। भारतीय रसोई में अनेक ऐसे खाद्य पदार्थ मौजूद हैं जिन्हें आज दुनिया 'सुपरफूड' कहकर खोज रही है। बाजरा, जौ, दालें, तिल, मूंगफली, विभिन्न प्रकार के अनाज, सब्जियां और स्थानीय खाद्य परंपराएं हमारी अपनी विरासत हैं। विडंबना यह है कि जिन खाद्य पदार्थों की ओर दुनिया स्वास्थ्य के लिए लौट रही है, हम उन्हीं को छोड़कर अत्यधिक प्रसंस्कृत और पैकेटबंद खाद्य पदार्थों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। इसलिए सुप्रीम कोर्ट की पहल को केवल उपभोक्ता अधिकार का विषय मानना पर्याप्त नहीं होगा। इसे भारतीय खाद्य संस्कृति के पुनर्जागरण के अवसर के रूप में देखना चाहिए।

सरकार की जिम्मेदारी भी यहां बहुत बड़ी है। खाद्य सुरक्षा का अर्थ केवल यह सुनिश्चित करना नहीं होना चाहिए कि उत्पाद खाने योग्य है, यह भी देखना होगा कि उपभोक्ता को उस उत्पाद के वास्तविक स्वास्थ्य प्रभाव की जानकारी आसानी से मिले। एफएसएसएआई को वैज्ञानिक, स्पष्ट और उपभोक्ता-केंद्रित नियम बनाने होंगे। केवल नियम बनाना पर्याप्त नहीं, उनका प्रभावी निरीक्षण और कठोर पालन भी जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट का निर्देश इसी दिशा में नियामकीय व्यवस्था को मजबूत करने का अवसर देता है। लेकिन सारी जिम्मेदारी सरकार या अदालत की नहीं हो सकती। उपभोक्ता को भी अपनी थाली का प्रहरी बनना होगा। जिस प्रकार हम घर खरीदते समय कीमत, स्थान और गुणवत्ता देखते हैं, उसी प्रकार भोजन खरीदते समय उसके घटकों को देखना भी हमारी आदत बननी चाहिए। किसी पैकेट पर बड़ा 'हेल्दी' लिखा होना उसे स्वतः स्वस्थ नहीं बना देता। विज्ञापन स्वास्थ्य का प्रमाणपत्र नहीं है। असली प्रमाण उसके पोषण संबंधी विवरण और हमारी आवश्यकता के बीच संतुलन है।

धर्म-ज्योतिष

मार्गशीर्ष माह में शंख पूजा से मिलता है अश्वमेध यज्ञ का फल

हिंदू धर्म में मार्गशीर्ष महीने का विशेष महत्व माना जाता है। भगवान श्रीकृष्ण का सबसे प्रिय महीना मार्गशीर्ष यानी अगहन चल रहा है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है महीनों में मैं मार्गशीर्ष हूं। पुराणों के अनुसार, इस पवित्र महीने में शंख पूजा को सबसे पुण्यदायी और फलदायी माना गया है।



इस महीने में घर के पूजा स्थल को साफ रखा जाता है और कोई भी साधारण शंख भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य पांचजन्य शंख के समान पवित्र हो जाता है। आइए जानते हैं कि मार्गशीर्ष मास में शंख पूजा क्यों इतनी खास है और इसके क्या नियम है, आपको बताते हैं। विष्णु पुराण के अनुसार, पांचजन्य भगवान श्रीकृष्ण के दिव्य शंख का नाम है। वैसे इसकी ध्वनि से नकारात्मक शक्तियां नष्ट हो जाती हैं और धर्म की विजय होती है। मान्यता है कि इस महीने में साधारण शंख की पूजा करने से भी सभी तीर्थों में स्नान करने और अश्वमेध यज्ञ के समान पुण्य फल प्राप्त होता है। समुद्र मंथन से प्रकट होने के कारण शंख को माता लक्ष्मी का भाई माना जाता है।

समसामयिक

राजस्थान से सत्ता में महिलाओं की भागीदारी के नए संकेत

राजस्थान में पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव परिणामों को लेकर किसका पलड़ा भारी या कमजोर रहा या चुनाव परिणामों का राजस्थान की राजनीति पर क्या असर पड़ेगा यह राजनीति विज्ञों के बीच अलग विचार का मुद्दा हो सकता है पर राजस्थान से जिला प्रमुखों के चुनाव परिणामां से जिस तरह से सत्ता में भागीदारी में सशक्तिकरण उभर का आया है वह समूचे देश ही नहीं अपितु समूचे विश्व के लिए एक सकारात्मक संकेत है। राजस्थान के नागौर से पंचायतीराज का विगुल बजा था और आज जिला प्रमुखों के 70 फीसदी महिलाओं की हिस्सेदारी से नई बयार देखने को मिल रही है। देखा जाएं तो सत्ता में महिलाओं की भागीदारी को लेकर राजस्थान से सकारात्मक व आश्चर्यकारी परिणाम सामने आये हैं। राजस्थान में जिला प्रमुखों के चुनाव परिणाम ना केवल चौंकाने वाले हैं अपितु आने वाले समय में महिलाओं की सत्ता में भागीदारी बढ़ने की दिशा में बढता कदम माना जा सकता है। राजस्थान में 37 जिला परिषदों के परिणामों में 26 जिला परिषदों में जिला प्रमुख



के पद पर महिलाएं चुनी गई है। इसमें भी एक खास बात यह है कि सुदूर रेगिस्तानी जिले जैसलमेर से केवल और केवल मात्र 21 साल और एक माह की आयु की संतोष कुमारी जिला प्रमुख चुनी गई है तो 21 वर्ष और 4 माह की वर्षा झाला झालावाड़ की जिला प्रमुख चुनी गई है। सबसे अच्छी बात यह है कि जिला प्रमुख बनने वाली महिलाओं में अधिकांश जहां युवा महिलाएं है तो दूसरी और अच्छी पढ़ी लिखी महिलाएं जिला प्रमुख बनी है। देखा जाएं तो महिलाओं में भी राजस्थान में शिक्षित और युवा महिला नेतृत्व उभर कर आया है। इसे भविष्य के लिए भी शुभ संकेत माना जा सकता है। महिलाओं की सत्ता में भागीदारी से यह भी माना जा सकता है कि महिलाएं जमीनी हकीकत से अधिक जुड़ी होती है ऐसे में पंचायतीराज संस्थाओं में स्थानीय स्तर की समस्याओं के समाधान में सार्थक और सकारात्मक परिणाम की आशा की जा सकती है। माना जा रहा है कि युवा और शिक्षित महिला नेतृत्व का फोकस शुद्ध पेयजल से लेकर बिजली, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, आंगणबाडी और स्थानीय स्तर की समस्याओं को समझने और उनके निराकरण में अधिक सकारात्मकता आएगी। माना तो यह भी जा रहा है कि भ्रष्टाचार पर भी एक हद तक रोक संभव हो पाएगी तो महिलाएं नए जोश और नई ऊर्जा से काम करते हुए परिणाम देने का प्रयास करेंगी। कुल मिलाकर कार्य व्यवस्था में बदलाव की संभावनाओं से नकारा नहीं जा सकता। महिलाओं की सत्ता में दमदार भागीदारी के बावजूद एक संभावना या यों कहे कि एक नकारात्मकता को लेकर अभी से प्रश्न उठाये जा सकते हैं और वह यह कि जिस तरह से पंचायतों में सरपंच पति, प्रधान पति या पंच पति का दौर चला था।

व्यापार

दिसंबर में रेपो दर में कम से कम 0.25 फीसदी बढ़ोतरी का अनुमान, महंगाई के दबाव से सख्ती की उम्मीद

मृदुभाषी। नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) दिसंबर की मौद्रिक नीति समीक्षा में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कम से कम 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर सकता है। विशेषज्ञों के एक सर्वेक्षण में महंगाई का दबाव बढ़ने के बीच केंद्रीय बैंक द्वारा यह कदम उठाए जाने का अनुमान जताया गया है। पीटीआई द्वारा 17 अर्थशास्त्रियों, कोष प्रमुखों और कोष प्रबंधकों के बीच किए गए सर्वेक्षण के मुताबिक, रेपो दर बढ़ाने का उद्देश्य महंगाई के दबाव को कम करना और इसका असर व्यापक कीमतों की उम्मीदों पर पड़ने से रोकना है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ब्याज दर पर फैसला करने के लिए दो से चार दिसंबर तक बैठक करेगी



और शुक्रवार को मौद्रिक नीति की घोषणा की जाएगी। यदि दर बढ़ाई जाती है, तो यह लगातार दूसरी बढ़ोतरी होगी। इससे पहले अक्टूबर में रेपो दर 0.25 प्रतिशत बढ़ाकर 5.75 प्रतिशत की गई थी, जो करीब चार साल में पहली बढ़ोतरी थी।

तब बढ़ती महंगाई, रुपये में गिरावट और कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के बीच मौद्रिक नीति को और सख्त किए जाने के संकेत मिले थे। रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित महंगाई अगले कुछ महीनों तक आरबीआई की छह प्रतिशत की ऊपरी सहनशीलता सीमा से ऊपर रहने की संभावना है, जबकि वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर पिछली तिमाही के मुकाबले थोड़ी कम रह सकती है। ऐसे में दिसंबर में रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी लगभग तय मानी जा रही है। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री गौरा सेनगुप्ता ने कहा कि रेपो दर में बढ़ोतरी से महंगाई के दूसरे दौर के प्रभाव को सीमित करने में मदद मिलेगी और परिवारों व कंपनियों की महंगाई संबंधी उम्मीदों को नियंत्रित रखा जा सकेगा। दूसरी ओर, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के अर्थशास्त्रियों ने रविवार को 0.25 प्रतिशत की बढ़ोतरी का अपना अनुमान बदलकर 0.50 प्रतिशत कर दिया। इससे वे विदेशी ब्रोकरेज कंपनी नोमुरा के अनुमान के करीब आ गए हैं, जो बड़ी बढ़ोतरी की उम्मीद कर रही है। एसबीआई के अर्थशास्त्रियों का मानना है कि 0.50 प्रतिशत की यह बढ़ोतरी मौजूदा ब्याज दर वृद्धि चक्र की आखिरी बढ़ोतरी हो सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि आरबीआई नीतिगत रुख में बदलाव करते हुए सुनियोजित सख्ती की नीति जारी रख सकता है। सर्वेक्षण में शामिल अधिकतर विशेषज्ञों के अनुसार आरबीआई दिसंबर में भी 'सुनियोजित सख्ती' का रुख बनाए रखेगा, जबकि दो प्रतिभागियों ने रुख को 'तटस्थ' किए जाने की संभावना जताई। क्रिसिल की प्रधान अर्थशास्त्री दीप्ति देशपांडे ने कहा कि महंगाई का ऊंचा स्तर सख्त रुख अपनाने का आधार देता है, इसलिए मौद्रिक नीति का रुख 'सुनियोजित सख्ती' वाला ही रहने की संभावना है। सर्वेक्षण के सभी विशेषज्ञों को उम्मीद है कि दिसंबर की घोषणा में आरबीआई सख्त रुख कायम रखेगा, साथ ही महंगाई के अनुमान में मामूली बढ़ोतरी कर सकता है।

शेयर बाजार में 9 दिन नहीं होगा कारोबार

दिसंबर में अलग-अलग राज्यों में कुल 17 दिन बंद रहेंगे बैंक

मृदुभाषी। नई दिल्ली



अगले महीने यानी दिसंबर में अलग-अलग राज्यों व शहरों में कुल 17 दिन बैंक बंद रहेंगे। 4 रविवार और दूसरे-चौथे शनिवार के अलावा 11 दिन अलग-अलग जगहों पर बैंकों में कामकाज नहीं होगा। ऐसे में अगर आपको दिसंबर में बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम हो तो इन छुट्टियों के दिनों को छोड़कर आप बैंक जा सकते हैं।

बैंक अवकाश के तहत 12 दिसंबर को महीने का दूसरा शनिवार और 26 दिसंबर को चौथा शनिवार होने की वजह से देशभर के बैंक बंद रहेंगे। इसके अलावा 6, 13, 20 और 27 दिसंबर को रविवार का अवकाश रहेगा। हालांकि, बैंकों की छुट्टी के बावजूद ग्राहक ऑनलाइन बैंकिंग और एटीएम के जरिए पैसे का लेनदेन या अन्य काम निपटा सकेंगे, क्योंकि इन सुविधाओं पर छुट्टियों का कोई असर नहीं पड़ेगा। वहीं दूसरी ओर, दिसंबर 2026 में शेयर बाजार में भी कुल 9 दिन कारोबार नहीं होगा। इसमें 8 दिन शनिवार और रविवार की साप्ताहिक छुट्टी रहेगी, जबकि 25 दिसंबर को क्रिसमस के अवसर पर भी शेयर बाजार बंद रहेगा।

प्रमुख कंपनियों को छमाही में 8% तक सीमेंट मांग बढ़ने की उम्मीद

मृदुभाषी। नई दिल्ली

देश की प्रमुख सीमेंट कंपनियों को चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में बिक्री बढ़ने और लाभ मार्जिन में सुधार की उम्मीद है। उन्हें निर्माण गतिविधियों में तेजी, बुनियादी ढांचा क्षेत्र पर सरकारी खर्च और शहरी आवास की मांग से कारोबार को गति मिलने की आशा है। अल्ट्राटेक सीमेंट, अंबुजा सीमेंट्स, श्री सीमेंट और डालमिया भारत जैसी कंपनियों ने वित्त वर्ष 2026-27 की जुलाई-सितंबर तिमाही में बिक्री में वृद्धि दर्ज की है। इन कंपनियों को उम्मीद है कि दूसरी छमाही में मांग और बढ़ेगी। साथ ही, बिक्री से बेहतर प्राप्ति के जरिए ईंधन और माल ढुलाई की ऊंची लागत के असर को कम करने में मदद मिलेगी। सूचीबद्ध सीमेंट कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों ने तिमाही नतीजों के बाद निवेशकों के साथ बातचीत में कहा कि दूसरी छमाही में उद्योग की मांग करीब सात-आठ प्रतिशत बढ़ सकती है। देश की सबसे बड़ी सीमेंट कंपनी अल्ट्राटेक सीमेंट ने कहा कि चालू वित्त वर्ष की शेष अवधि और उसके बाद भी सीमेंट की मांग मजबूत रहने की उम्मीद है। अल्ट्राटेक सीमेंट के मुख्य वित्त अधिकारी अतुल डागा ने कहा, उद्योग मांग के लिहाज से अपने सबसे मजबूत दौर में प्रवेश कर रहा है। इसे कीमतों के बेहतर माहौल, अतिरिक्त उत्पादन क्षमता और लागत ढांचे में सुधार से समर्थन मिल रहा है। डागा ने कहा कि दूसरी छमाही में भी कंपनी को लागत के दबाव का सामना करना पड़ेगा, लेकिन उसे भरोसा है कि वह इससे प्रभावी ढंग से निपटते हुए लगातार बेहतर प्रदर्शन करेगी।

अगले साल जारी होंगी निविदाएं

चार राज्यों में 4.8 गीगावाट की नई तापीय बिजली क्षमता जोड़ेगी एनटीपीसी

मृदुभाषी। नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी देश में भविष्य की बिजली मांग पूरी करने के लिए चार राज्यों में 4.8 गीगावाट की नई तापीय बिजली उत्पादन क्षमता जोड़ने की योजना बना रही है।

कंपनी के प्रबंधन के अनुसार प्रस्तावित 4.8 गीगावाट क्षमता में से आधी यानी 2.4 गीगावाट संयुक्त उद्यम की अनुषंगी कंपनियों के जरिए और शेष 2.4 गीगावाट कंपनी स्वतंत्र रूप से जोड़ेगी। देश की सबसे बड़ी बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी के पास फिलहाल



37 गीगावाट से अधिक की बिजली उत्पादन क्षमता निर्माणाधीन है, जिसमें 17 गीगावाट कोयला आधारित, करीब 3.6 गीगावाट पनबिजली और लगभग 16 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता शामिल है। प्रबंधन का कहना है कि फिलहाल उसका जोर परियोजनाओं को समय पर पूरा करने और बिजलीघरों की अधिकतम उपलब्धता सुनिश्चित करने पर है। कंपनी प्रबंधन ने बताया कि उसकी 17.32 गीगावाट क्षमता पहले से निर्माणाधीन है और अगले साल की पहली व दूसरी तिमाही में करीब 4.8 गीगावाट की अतिरिक्त क्षमता के लिए निविदाएं जारी करने की योजना है। इस नई तापीय बिजली उत्पादन क्षमता के तहत झाबुआ में 800 मेगावाट की दूसरी इकाई, तलचर चरण चार में 800 मेगावाट की एक इकाई, तलचर कनिहा चरण तीन में 800-800 मेगावाट की दो इकाइयां, भिलाई में 800 मेगावाट की एक इकाई और बीआरबीसीएल चरण दो में 800 मेगावाट की एक इकाई लगाई जाएगी। इन परियोजनाओं से कुल करीब 4.8 गीगावाट क्षमता जुड़ेगी।

एचपी तीन साल में उत्पादन 1.20 करोड़ टन तक पहुंचाएगी

मृदुभाषी। नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की खनन कंपनी हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अनुपम मिश्रा ने रविवार को कहा कि कंपनी अगले तीन साल में अपना उत्पादन तीन गुना बढ़ाकर 40 लाख टन से 1.20 करोड़ टन करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी के स्थापना दिवस पर यहां आयोजित कार्यक्रम में मिश्रा ने कहा कि चुनौती बड़ी होने के बावजूद कंपनी को यह लक्ष्य हासिल करने का भरोसा है। राजस्थान के खेतड़ी, मध्य प्रदेश के मलांजखंड, झारखंड के घाटशिला तथा गुजरात और महाराष्ट्र में एचसीएल की मौजूदगी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई), अर्धचालक, विद्युत वाहन, वैमानिकी और रक्षा क्षेत्र के लिए तांबा बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, भले ही हम पिछले 20 से 25 वर्षों में पीछे रह गए हों, लेकिन अगर हम लगातार प्रयास करते रहें तो वह दिन दूर नहीं जब हम इस क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर बन जाएंगे। मिश्रा ने बताया कि भारत ने वित्त वर्ष 2025-26 में 50,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का तांबा आयात किया, जो घरेलू उत्पादन बढ़ाने की जरूरत को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि देश में तांबा शोधन की क्षमता करीब 12 लाख टन है, जिसमें से लगभग आठ लाख टन क्षमता ही काम कर रही है और एचसीएल के तांबा सांद्रण का इसमें फिलहाल करीब पांच प्रतिशत योगदान है।

बाइक से पहुंचे तीन बदमाशों ने सुबह 4 से 5 बजे के बीच दिया वारदात को अंजाम

चोरों का आतंक: एक ही रात में दो घरों में चोरी तीन सूने मकानों के ताले तोड़े

बालक और बालिकाओं के लिए अलग-अलग छात्रावासों का होगा निर्माण, जिले के सभी 13 विकासखंडों में दो-दो भवन बनेंगे

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



धार। शहर में चोरी की वारदातों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब चोरों ने कोतवाली थाना क्षेत्र की महालक्ष्मी नगर कॉलोनी को निशाना बनाते हुए एक साथ दो सूने मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। वही तीन मकानों के ताले तोड़े रविवार तड़के बाइक से पहुंचे तीन बदमाशों ने कॉलोनी में घूम-घूमकर मकानों की रेकी की और मौका मिलते ही घरों के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए। बदमाशों ने घरों में रखे सामान को खंगालते हुए जमकर उत्पात मचाया।

वारदात के बाद कॉलोनी के रहवासियों में भय और आक्रोश का माहौल है। इस पूरी वारदात के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं, जिनमें तीन बदमाश बाइक से कॉलोनी में आते-जाते दिखाई दे रहे हैं। फुटेज में बदमाशों की गतिविधियां संदिग्ध नजर आ रही हैं। बताया जा रहा है कि तीनों बदमाश बाइक से कॉलोनी पहुंचे थे। इनमें से एक बदमाश बाइक के पास रुककर निगरानी करता रहा, जबकि अन्य दो मकानों के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देते रहे। सीसीटीवी फुटेज में एक बदमाश के हाथ में तलवार भी दिखाई दे रही है, वहीं, दूसरा आरोपी लंगड़ाकर चलता नजर आ रहा है।

तड़के अंधेरे में बेखौफ होकर घूमते रहे बदमाश

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वारदात रविवार सुबह करीब 4 से 5 बजे के बीच की है। इस दौरान कॉलोनी में अधिकांश लोग अपने घरों में सो रहे थे, जबकि कई मकान सूने थे। बदमाशों ने इसी का फायदा उठाया। पहले कॉलोनी में घूमकर मकानों की स्थिति देखी और फिर सुनसान मकानों को निशाना बनाया। एक साथ इतने मकानों के ताले टूटने की घटना से कॉलोनी की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।रहवासियों में इस बात को लेकर चिंता है कि हथियार लेकर घूम रहे बदमाश बेखौफ होकर वारदात को अंजाम देकर निकल गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस, डॉग स्क्वायड ने खंगाला घटनास्थल

कोतवाली थाना प्रभारी ईश्वर सिंह चौहान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने प्रभावित मकानों का निरीक्षण कर घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। इसके बाद डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुलाया गया, जिसने मौके पर पहुंचकर जांच की। पुलिस अब आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है, ताकि बदमाशों के आने-जाने के रास्ते और उनकी पहचान का पता लगाया जा सके।

चोरी की जानकारी जुटाई जा रही

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर ने बताया कि रविवार सुबह करीब 4 से 5 बजे के बीच तीन बदमाशों ने 2 सूने मकानों को निशाना बनाया है। ओर तीन के ताले तोड़े गए बदमाशों ने अलग-अलग घरों की रेकी करने के बाद चोरी की वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल प्रभावित मकानों से चोरी हुए सामान और नुकसान की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश में जुटी है। एक ही कॉलोनी में एक साथ कई मकानों के ताले टूटने की घटना ने रहवासियों की चिंता बढ़ा दी है। अब पुलिस के सामने सीसीटीवी में नजर आ रहे।

इनका कहना है...

बदमाशों की धरपकड़ के लिए पुलिस ने बनाई टीम बनाई हैं। सीसीटीवी फुटेज में तलवार लेकर घूमता दिखा एक आरोपी, शहरभर के कैमरे खंगाल रही पुलिस, वारदात में शामिल बदमाशों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी करेगी।

ईश्वर सिंह चौहान
टीआई धार

दो वाहनों से 1,680 लीटर बियर जब्त

वाहनों से हो रहा था परिवहन, एक आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



आलीराजपुर। जिले में अवैध शराब के परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने रविवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति उमठ बघेल और जोबट एसडीओपी आशुतोष पटेल के पर्यवेक्षण में आम्बुआ पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में 1,680 लीटर माउंट 6000 बियर और दो वाहन जब्त किए हैं। दोनों कार्रवाइयों में कुल 19,60,320 रुपये का मशरूका बरामद कर दो आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

पहली कार्रवाई में मुखबिर की सूचना पर भाणारावत रोड से खण्डाला-कोटबु रोड की ओर आ रही बोलेरो पिकअप वाहन क्रमांक जीजे06 एयू 8480 को ग्राम खण्डाला-अनखोदरा के पास आम रोड पर घेराबंदी कर रोका गया। तलाशी में वाहन से माउंट बियर की 120 पेटियां मिलीं, जिनमें 500 एमएल के 2,880 टिन केन यानी कुल 1,440 लीटर बियर थी। चालक सुनील पिता मगनसिंह बघेल भील (26), निवासी ग्राम झौरा, हाल मुकाम आम्बुआ आवास फलिया परिवहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका। पुलिस ने 3,94,560 रुपये की बियर और 5,00,000 रुपये कीमत की बोलेरो पिकअप समेत कुल 8,94,560 रुपये का मशरूका जब्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 360/2025 के तहत धारा 34(1), 34(2) और 46 आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया।

वाहन चालक फरार, आबकारी एक्ट का मामला दर्ज

दूसरी कार्रवाई में खट्टाली रोड की ओर से आ रही क्रेटा कार क्रमांक जीजे20 एन750 को ग्राम खण्डाला तिराहा पर रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन पुलिस को देखकर चालक वाहन छोड़कर झाड़ियों की आड़ में फरार हो गया। कार से 20 पेटियों में रखे 480 टिन केन यानी 240 लीटर बियर बरामद हुई। 65,760 रुपये की बियर और 10,00,000 रुपये की कार सहित कुल 10,65,760 रुपये का मशरूका जब्त किया गया। फरार चालक की पहचान जितेन्द्र पिता सुभान, निवासी ग्राम मोरासा, थाना नानपुर के रूप में हुई, जिसके खिलाफ अपराध क्रमांक 361/2025 के तहत आबकारी एक्ट में मामला दर्ज कर तलाश की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक समर वर्मा ने बताया कि जिले में अवैध शराब के खिलाफ सख्त अभियान जारी है। नवंबर माह में अब तक 23 बड़ी कार्रवाइयों सहित कुल 248 प्रकरण दर्ज किए जा चुके हैं, जिनमें 57,82,394 रुपये की 16,782 बल्क लीटर शराब और 71,95,000 रुपये के 12 वाहन जब्त किए गए हैं।

किरण शर्मा और संगीता बोस को दी भावभीनी विदाई



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

मोहनबड़ोदिया। सरदार वल्लभभाई पटेल सांदीपनि विद्यालय शाजापुर में वरिष्ठ शिक्षिकाओं श्रीमती किरण शर्मा एवं श्रीमती संगीता बोस के अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने पर विदाई एवं सम्मान समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। समारोह उस समय बेहद भावुक हो गया, जब विद्यालय स्टाफ के सदस्यों ने विदाई के शब्द कहे। दोनों शिक्षिकाओं के साथ बिताए गए वर्षों की यादें साझा करते हुए कई शिक्षक-शिक्षिकाओं की आंखें नम हो गईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों का फूलमालाओं से स्वागत एवं सम्मान किया गया। समारोह में दोनों वरिष्ठ शिक्षिकाओं के विद्यालय में दिए गए योगदान, समर्पण और शिक्षा के क्षेत्र में उनकी उल्लेखनीय सेवाओं को याद किया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य दिनेश चंद्र सोनी एवं उपप्राचार्य श्रीमती सविता सोनी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व में स्थानांतरित हुए शिक्षकों का भी सम्मान किया गया।समारोह में अभयपुर के पूर्व सरपंच रामदयाल पाटीदार, अंबाराम राजोरिया, श्रीमती अर्चना शितुत एवं जितेंद्र भावसार ने अपने विचार व्यक्त किए। श्रीमती अनुराधा सक्सेना, श्रीमती सीमा सोनगरा, श्रीमती शेफाली जोशी सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। संचालन श्रीमती विनीता विश्वकर्मा ने तथा आभार जागेश सोनी ने व्यक्त किया।

संगीत मांडोत प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत



कसरावद। परम पूज्य गुरुदेव राष्ट्रसंत कमल मुनि जी कमलेश मसा ने मंच की राष्ट्रीय मंत्री नमिता लूनिया की अनुशंसा पर अखिल भारतीय जैन दीवाकर विचार मंच महिला शाखा की प्रदेश कार्यकारिणी में नगर की संगीता संजय मांडोत को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इनकी नियुक्ति पर संस्थापक कल्पना मुथा, पुष्पा लुनिया, कल्पना मांडोत, भावना कवाड,मंजू संघवी,पलक मांडोत,सुनीता मांडोत,प्रतिभा मांडोत,सचिन जैन, देव कुमार मंडोत,दिलीप लुनिया, पवन मांडोत,गांधी जैन,किशोर जैन,डॉक्टर महेंद्र जैन ने शुभकामनाएं दीं।

रुचि और करियर के अनुसार चुन सकेंगे विषय

नई शिक्षा नीति में विद्यार्थियों को मिली बड़ी राहत, अब तीन साल तक एक ही विषय पढ़ने की मजबूरी नहीं

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



धार। कॉलेज में प्रवेश के दौरान जल्दबाजी, जानकारी के अभाव या दूसरों की सलाह पर चुना गया विषय अब विद्यार्थियों के भविष्य की राह में स्थायी बाधा नहीं बनेगा। नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक स्तर पर विद्यार्थियों को दूसरे वर्ष से अपना मुख्य विषय यानी मेजर बदलने का विकल्प दिया जा रहा है। इसके चलते अब विद्यार्थियों को एक बार विषय चुनने के बाद लगातार तीन साल तक उसी विषय के साथ पढ़ाई करने की मजबूरी नहीं रहेगी। विद्यार्थी प्रथम वर्ष में विषय का अध्ययन कर अपनी रुचि, क्षमता और भविष्य के करियर की दिशा को समझ सकेंगे। इसके बाद दूसरे वर्ष में अपनी पसंद के अनुरूप उपलब्ध विषयों में से मेजर बदलने का विकल्प चुन सकेंगे।

दरअसल, कॉलेज में प्रवेश लेते समय कई विद्यार्थी अपने पसंदीदा विषय के बजाय परिवार के दबाव, दोस्तों की पसंद या सीमित जानकारी के आधार पर विषय का चयन कर लेते हैं। शुरूआत में लिया गया यही निर्णय कई बार आगे चलकर परेशानी का कारण बन जाता है। पढ़ाई के दौरान जब उन्हें किसी दूसरे विषय में अधिक रुचि महसूस होती है, तब तक मुख्य विषय बदलने के सीमित विकल्प होने से उन्हें उसी विषय में पढ़ाई जारी रखनी पड़ती थी। इसका असर उनकी पढ़ाई, प्रदर्शन और भविष्य की योजनाओं पर भी पड़ता था। कुछ विद्यार्थी मनपसंद विषय नहीं मिलने से निराश हो जाते थे, तो कुछ पढ़ाई बीच में छोड़ने तक का विचार करने लगते थे।

प्रथम वर्ष बनेगा रुचि और क्षमता परखने का अवसर

नई शिक्षा नीति के तहत प्रथम वर्ष को विद्यार्थियों के लिए केवल पढ़ाई का शुरूआती चरण नहीं, बल्कि विषयों को समझने और अपनी रुचि पहचानने का अवसर भी माना जा रहा है। विद्यार्थी पहले साल में अलग-अलग विषयों का अध्ययन कर यह तय कर सकेंगे कि उनकी वास्तविक रुचि किस क्षेत्र में है। यदि उन्हें लगता है कि प्रवेश के समय चुना गया मेजर उनके करियर के अनुकूल नहीं है, तो दूसरे वर्ष में विषय परिवर्तन का विकल्प अपना सकेंगे।

कला और विज्ञान के विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ

व्यवस्था का लाभ केवल कला संकाय तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि विज्ञान संकाय के विद्यार्थी भी इसका लाभ उठा सकेंगे। बीएससी में बायोटेक्नोलॉजी विषय लेने वाला विद्यार्थी आगे माइक्रोबायोलॉजी जैसे दूसरे विषय को मुख्य विषय के रूप में चुनने का विकल्प तलाश सकेगा। इससे विद्यार्थियों को अपनी रुचि के साथ-साथ भविष्य में रोजगार और उच्च शिक्षा की संभावनाओं को ध्यान में रखकर विषय चयन करने में मदद मिलेगी।

खेड़ापति हनुमान और शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा हुई



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

कसरावद। ग्राम पानवा में श्री खेड़ापति हनुमान जी महाराज एवं शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ।

कलश यात्रा के साथ महोत्सव का शुभारंभ हुआ, वहीं रविवार को पूणार्हुति एवं विशाल भंडारे के साथ आयोजन का समापन हुआ। भंडारे में ग्राम सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे चार हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर धर्मलाभ लिया। महोत्सव के तहत जलाधिवास, अन्नाधिवास, फलाधिवास, देवताओं का आह्वान एवं हवन-पूजन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। आचार्य पंडित योगेश तारे के मार्गदर्शन में पंडित शिवन तारे, मोहन तारे एवं सुनील जोशी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण प्रतिष्ठा करवाई। धार्मिक अनुष्ठानों में यजमान के रूप में जितेंद्रसिंह सोलंकी,भगवान सिंह पटेल, अरविंद चौहान, राहुल पटेल, पवन रावत, रुपेश पटेल एवं मंसाराम पवार ने सपत्नीक भाग लिया,रविवार को पूणार्हुति के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

5 लाख के अनुदान से खड़ा किया 15 लाख मासिक का कारोबार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



आगर मालवा। जिले के नलखेड़ा विकासखंड स्थित ग्राम बाईगांव (पोस्ट पचलाना) की रहने वाली रचनाबाई ने अपनी मेहनत और शासन की योजना के सही उपयोग से सफलता की नई कहानी लिखी है। कभी घर की चारदीवारी तक सीमित रहने वाली रचनाबाई आज 'जय शिव मावा भण्डार' नाम से एक आधुनिक मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट संचालित कर रही हैं, जिसका मासिक कारोबार लगभग 15 लाख रुपये तक पहुंच गया है। रचनाबाई ने उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग की प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना का लाभ उठाकर अपने व्यवसाय को नई ऊंचाई दी। उनकी इस परियोजना की कुल लागत 15 लाख रुपये है, जिसके लिए विभाग की ओर से 35 प्रतिशत यानी करीब 5 लाख रुपये का अनुदान मिला। इस अनुदान राशि से उन्होंने अपनी इकाई को आधुनिक रूप देते हुए भाप (स्टीम) से चलने वाली मिल्क बॉयलिंग यूनिट, 2,000 लीटर क्षमता का बल्क मिल्क कूलर (इटउ) और दूध परिवहन के लिए मिल्क टैंकर की व्यवस्था की। आज उनकी इकाई में स्वयं का मिल्क कलेक्शन सेंटर संचालित हो रहा है, जहां आधुनिक मशीनों के जरिए उच्च गुणवत्ता का मावा, पनीर और शुद्ध घी तैयार किया जाता है।

पूरे क्षेत्र की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली

रचनाबाई की इस पहल से पूरे क्षेत्र की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। आसपास के गांवों के पशुपालकों को अब बिचौलियों या शहर जाने की झंझट के बिना गांव में ही अपने दूध का उचित मूल्य मिल रहा है। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने जिला पंचायत सीईओ बी.एस. सोलंकी और उप संचालक उद्यानिकी अर्जुन सिंह राजपूत के साथ बाईगांव पहुंचकर इस इकाई का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने बॉयलिंग प्रणाली और उत्पादन प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए रचनाबाई के व्यावसायिक प्रबंधन की सराहना की।

आयोजन संविधान गौरव दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा ने किया कार्यक्रम

संविधान सामाजिक समानता का आधार: पुरोहित

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



धार। भाजपा जिला कार्यालय में संविधान गौरव दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों, संविधान निर्माण में उनके योगदान और भारतीय लोकतंत्र में संविधान की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान मुख्त वक्ता लोकेश पुरोहित ने संविधान को सामाजिक समानता का आधार बताया, वहीं अन्य वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संविधान देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, सामाजिक न्याय, समानता और राष्ट्रीय एकता का आधार है। संविधान में निहित मूल्यों को आत्मसात करना और प्रत्येक नागरिक तक इसकी भावना पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती, धार विधायक नीना वर्मा, मुख्य वक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता लोकेश राजपुरोहित, कार्यक्रम अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश जलोदिया, विशेष अतिथि सुरेश राजपुरोहित, पेंशनर एसोसिएशन अध्यक्ष प्रमोद टोंगिया एवं जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने मंचासीन रहे। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विशाल निगम एवं जयराज देवड़ा ने अतिथियों का स्वागत किया।

मोदी के नेतृत्व में दिया जा रहा संविधान को सम्मान

मुख्य वक्ता लोकेश राजपुरोहित ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संविधान को जन-जन तक पहुंचाने तथा उसके सम्मान और गौरव को नई पहचान देने का ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है। वर्ष 2015 से 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत इसी दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, सामाजिक समरसता, समानता और नागरिकों के अधिकारों का आधार स्तंभ है।उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए देश को ऐसी संवैधानिक व्यवस्था प्रदान की, जिसमें प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार, न्याय और सम्मान के साथ आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। गरीब, शोषित और वंचित वर्गों के अधिकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। बाबा साहब के विचारों को केवल स्मरण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि संविधान में उल्लेखित आदर्शों और मूल्यों को अपने व्यवहार एवं जीवन में भी उतारना आवश्यक है।

राजपुरोहित ने कहा कि संविधान गौरव दिवस बाबा साहब के योगदान को याद करने के साथ ही हमें अपने संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होने का संदेश देता है। संविधान की मूल भावना समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती मिले, इसके लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। कार्यक्रम में नगर के प्रबुद्धजन, भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने संविधान के सम्मान, उसकी मूल भावना और बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रेमचंद परमार ने किया।

संतों के विहार पथ पर सेवा का नया तीर्थ बना श्री राजयन्त विहार धाम, लोकार्पण

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर



आलोट। संतों के चरण जहां पड़ते हैं, वहां श्रद्धा के साथ सेवा की परंपरा भी आगे बढ़ती है। इसी भावना को साकार करते हुए पिपलिया सिसोदिया में साधु-साध्वियों के विहार मार्ग पर एक स्थायी सेवा पड़ाव तैयार किया गया है। रविवार को श्री राजयन्त विहार धाम का विधिवत लोकार्पण कर समाज को समर्पित किया गया। अब विहाररत साधु-साध्वियों को यहां विश्राम, ठहराव और वैयावच्च की सुविधाएं मिल सकेंगी। संतों की प्रेरणा, दानदाता के सहयोग और समाज की सामूहिक सहभागिता से तैयार यह धाम जैन समाज की सेवा भावना का प्रेरक उदाहरण बनकर सामने आया है।

मुनिराज श्री प्रत्यक्षरत्न विजयजी महाराज साहब एवं मुनिराज श्री पवित्ररत्न विजयजी महाराज साहब की पावन प्रेरणा से निर्मित इस धाम के लोकार्पण अवसर पर मुनिराज श्री प्रत्यक्षरत्न विजयजी महाराज साहब ने सेवा भावना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साधु-साध्वियों की वैयावच्च और उनके विहार में सुविधाओं की व्यवस्था करना समाज का महत्वपूर्ण दायित्व है। संतों के लिए मार्ग में विश्राम की व्यवस्था करना केवल भवन निर्माण नहीं, बल्कि धर्म के प्रति श्रद्धा और समर्पण को व्यवहार में उतारना है। समाज जब ऐसे सेवा कार्यों के लिए एकजुट होता है, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा का मार्ग तैयार होता है।

संतों के लिए महत्वपूर्ण पड़ाव

उन्होने कहा कि जैन परंपरा में साधु-साध्वियों का विहार धर्म आराधना और जनकल्याण की यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस यात्रा में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से पिपलिया सिसोदिया में तैयार हुआ यह धाम अब संतों के लिए महत्वपूर्ण पड़ाव बनेगा।

कार्यशाला में जल संरक्षण को लेकर जगाई गई जागरुकता

मिट्टी, पानी और प्राकृतिक संसाधनों से प्यार करने की आवश्यकता: सिंह

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

खंडवा। जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और जिले में जल संवर्धन के प्रयासों को गति देने के उद्देश्य से रविवार को किशोर कुमार सभागृह में विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में प्रख्यात जल संरक्षण विशेषज्ञ एवं जलपुरुष राजेंद्र सिंह तथा प्रसिद्ध पर्यावरणविद एवं सोलर मेन चेतन सोलंकी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान जल संरक्षण, पारंपरिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन, जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

कार्यशाला में सिंह ने जल संरक्षण की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और स्थानीय प्रशासन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मिट्टी और पानी के संरक्षण के लिए हमें मिट्टी, पानी और प्राकृतिक संसाधनों से प्यार करना सीखना होगा। उन्होंने भारतीय संस्कृति और परंपरा में जल के महत्व को विस्तार से समझाते हुए कहा कि भारत में प्राचीन समय से ही जल को जीवन का आधार और महत्वपूर्ण प्राकृतिक धरोहर माना गया है। हमारे पूर्वजों ने तालाबों, कुओं, बावड़ियों और अन्य पारंपरिक



जल स्त्रोतों के माध्यम से जल संरक्षण की समृद्ध व्यवस्था विकसित की थी। वर्तमान समय में जल संकट से निपटने के लिए इन पारंपरिक जल संरचनाओं का संरक्षण, पुनर्जीवन और संवर्धन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केवल सरकारी योजनाओं और प्रशासनिक प्रयासों से जल संकट का स्थायी समाधान संभव नहीं है। इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।

जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता जरूरी

पर्यावरणविद् एवं सोलर मेन चेतन सोलंकी ने अपने विचार रखते हुए ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन से होने वाले नुकसानों के बारे में आगाह किया। उन्होंने बताया कि पर्यावरण में हो रहे बदलावों का सीधा असर जल संसाधनों, प्राकृतिक संतुलन और मानव जीवन पर पड़ रहा है। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्राकृतिक संसाधनों का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग और पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनाना आवश्यक है।

कलेक्टर ने जल संरक्षण के प्रयासों की जरूरत

कार्यशाला में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिले में जल संरक्षण के लिए संचालित गतिविधियों और किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने जल संचय-जनभागीदारीर एवं जल गंगा संवर्धन अभियानो के तहत जिले में किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए विभिन्न स्तरों पर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल स्त्रोतों के संरक्षण और वर्षा जल संचयन का कोई भी अभियान नागरिकों की भागीदारी के बिना सफल नहीं हो सकता। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऐश्वर्य वर्मा ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले में संचालित जल संरक्षण गतिविधियों को प्रदर्शित किया।

कार्यशाला में विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से किया संवाद

कार्यशाला का एक महत्वपूर्ण पक्ष विद्यार्थियों की सहभागिता रहा। विद्यार्थियों ने जल संरक्षण एवं पर्यावरण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों से सीधे संवाद किया और अपनी जिज्ञासाओं एवं प्रश्नों के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के सवालों का जवाब देते हुए उन्हें जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने तथा अपने परिवार और समाज में भी इसके लिए सभी को प्रेरित करने की बात कही। कार्यक्रम में भरत झवर ने उपस्थित अतिथियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

फिट इंडिया, हिट इंडिया का दिया संदेश

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

खंडवा। 100वें फिट इंडिया सन्डे ऑन साइकिल कार्यक्रम का आयोजन रविवार को किया गया। इस कार्यक्रम को नशा मुक्ति युवा फॉर विकसित भारत अभियान के तहत आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम युवाओं एवं आम नागरिकों में साइकिलिंग, शारीरिक सक्रियता, स्वस्थ जीवनशैली तथा नशामुक्त जीवन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विशाल साइकिल रैली आयोजित की गई, जो कि नगर निगम चौराहे से शुरू होकर बॉम्बे बाजार, घंटाघर, रेलवे स्टेशन, मछली बाजार, जलेबी चौक होते हुए वापस नगर निगम चौराहे पर आकर संपन्न हुई।



नशा मुक्ति की शपथ दिलाई

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर ऋषव गुप्ता सहित पुलिस अधीक्षक अगम जैन और जिला शिक्षा अधिकारी बलवंत पटेल सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं विद्यार्थीगण भी मौजूद थे। इस दौरान प्रतिभागियों ने साइकिल चलाकर फिट इंडिया-हिट इंडिया का संदेश दिया। इस अवसर पर कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्ति दिलाई। मेरा युवा भारत की जिला युवा अधिकारी सुश्री पल्लवी दुबे ने बताया कि साइकिल रैली के अलावा कार्यक्रम में नशामुक्ति शपथ, हस्ताक्षर अभियान एवं नशामुक्ति संबंधी अन्य जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की गई और रैली के माध्यम से नशामुक्त युवा झ विकसित भारत का संदेश युवाओं और आम नागरिकों तक पहुंचाया गया।

जिला कांग्रेस में छह पदाधिकारियों की नियुक्ति, संतोष महासचिव

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अनूपपुर। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर में विभिन्न रिक्त पदों पर छह नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। नियुक्ति आदेश जारी होने के बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू सिंह चौहान एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कामले द्वारा जारी आदेश के अनुसार रफी अहमद एडवोकेट को जिला संगठन महासचिव, अमरा नायक एवं डॉ. डी.पी.एस. चौहान को उपाध्यक्ष, संतोष मिश्रा को महासचिव तथा खेम प्रजापति एवं कृष्ण कुमार पनिका को सचिव नियुक्त किया गया है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू सिंह चौहान एवं पूर्व अध्यक्ष रमेश सिंह ने नियुक्तियों का स्वागत करते हुए कहा कि नई जिम्मेदारियों के साथ सभी पदाधिकारी संगठन की मजबूती, कार्यकताओं के बीच समन्वय तथा जनहित के मुद्दों पर सक्रियता से कार्य करेंगे। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया।



मोटर पम्प अपग्रेड, शहर की पेयजल व्यवस्था होगी बेहतर



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

मंडलेश्वर। नगर की पेयजल व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए परिषद अमृत योजना 2.0 के तहत पेयजल सिस्टम को उन्नत बना रही हैं। इसके प्रथम चरण में रविवार को नर्मदा तट स्थित इंटेकवेल पर 15 वर्षों से लगी 25 एच पी की दो मोटर बदलकर 40 एच पी की दो मोटर लगाई गई हैं।मोटर फिटिंग के बाद वहां पूजन कर अध्यक्ष विश्वदीप संतोष मोयदे द्वारा स्विच दबाकर मोटर चालू की गई।

अध्यक्ष ने इस अवसर पर बताया की अमृत 2.0 के तहत दो मोटर पम्प इंटेक वेल पर और दो पम्प फिल्टर प्लांट पर लगाए जाएंगे 40 हार्स पावर की मोटर लगने से कम समय में अधिक मात्रा पानी फिल्टर कर टंकियों तक पहुंचेगा जिससे नगर में पेय जल वितरण और बेहतर होगा।पेयजल प्रभारी आरिफ खान ने बताया कि फिल्टर प्लांट कि क्षमता 35 लाख लीटर प्रति दिन पानी साफ करने की हैं हम अतिरिक्त मोटर लगाकर प्रतिदिन 45 लाख लीटर पानी साफ कर के वितरित कर रहे हैं नई उच्च क्षमता की मोटर लगने से कम समय में अधिक पानी साफ होगा नगर में प्रतिदिन 45 लाख लीटर पानी की आपूर्ति की जा रही हैं। अमृत योजना में यह कार्य गुजरात की जे एन बी कंपनी कार्य कर रही हैं उसी कंपनी द्वारा मोटर के साथ आधुनिक कंट्रोल पेनल भी लगाए गए हैं जिससे अधिक लोड होने पर मोटर बंद हो जाएगी और जलने का खतरा कम होगा।

कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

आष्टा । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 140 वा एपिसोड आज वार्ड क्रमांक 15 के बूथ क्रमांक 188 में स्तिथ विधायक कार्यालय में सामूहिक रूप से भाजपा कार्यकताओं ने श्रवण किया । इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी उद्बोधन को पूरी गंभीरता और उत्साह के साथ सुना।इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष निलेश कुमार शर्मा एडवोकेट, राजेश पंचलसिया, जितेंद्र दुबे एडवोकेट, सर्वेश उपाध्याय, एम.पी. शुक्ला,समाज सेवी विशाल चौरसिया, वार्ड पार्षद तेजसिंह राठौर सहित समिति के सभी सदस्यगण उपस्थित रहे।

संदिग्ध हालत में फंदे पर मिला युवक का शव

परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, चक्काजाम कर प्रदर्शन

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

डबरा। वृंदासहाय कॉलेज गेट के समीप एक गुमटी में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान नॉन सिमरिया गांव निवासी नरेंद्र रावत के रूप में हुई है। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने सड़क पर चक्काजाम कर विरोध जताया और पुराने विवाद से जुड़े आरोपियों पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाते हुए उनकी तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

परिजनों के अनुसार, नरेंद्र रावत बीते दिन दोपहर करीब 12 बजे से घर से लापता था और आज सुबह करीब 7 बजे उसका शव गुमटी में लटका मिला। मृतक के भाई ने बताया कि कुछ दिन पहले



गांव नॉन सिमरिया में हुए विवाद व गोलीबारी की घटना में उनके भाई (कालू रावत) को गोली लगी थी, जिस संबंध में भितरवार थाने में भारतीय न्याय संहिता/संबंधित धाराओं (धारा 307) के तहत मामला दर्ज कराया गया था। परिजनों का आरोप है कि एफआईआर दर्ज होने के बावजूद आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और लगातार जान से मारने की धमकियां दे रहे थे। उन्होंने पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच, नई एफआईआर दर्ज करने, आरोपियों की गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की।

पुलिस ने खुलवाया जाम

डबरा देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थिति को देखते हुए परिजनों को समझाइश देकर सड़क से जाम खुलवाया गया।इस संबंध में एसडीओपी डबरा सौरभ कुमार ने बताया कि नॉन सिमरिया निवासी नरेंद्र रावत का शव वृंदासहाय कॉलेज के दरवाजे के पास एक गुमटी में फांसी पर लटका मिला है। घटनास्थल की फॉरेंसिक टीम से जांच कराई गई है और पुलिस हर पहलू पर बारीकी से जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि शव का पोस्टमार्टम डॉक्टरों के पैनल से कराया जाएगा तथा पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक जांच की रिपोर्ट के आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

एएसपी रविंद्र कुमार बोयट आज होंगे सेवानिवृत्त

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

आगर-मालवा। जिला पुलिस में पदस्थ एडिशनल पुलिस अधीक्षक रविंद्र कुमार बोयट कल 30 नवंबर को अपनी 37 वर्षों की लंबी, सेवा पूरी कर सेवानिवृत्त हो रहे है ।



बोयट ने अपने 37 वर्ष के सेवाकाल में प्रदेश के मनासा, नीमच, बड़नगर, उज्जैन सहित विभिन्न जिलों में महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, जनसुनवाई और पुलिसिंग में सुधार के लिए उल्लेखनीय कार्य किए। आगर-मालवा में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और आमजन व पुलिस एवं प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। साथी पुलिसकर्मियों के अनुसार उनकी सरल, सौम्य और अनुशासित कार्यशैली के कारण वे चर्चित रहे। उनकी एक सुलझे हुए और संवेदनशील अधिकारी की छवि बनी रही। सेवानिवृत्ति के अवसर पर साथी अधिकारियों और सहयोगियों ने उनके स्वस्थ, सुखमय व सक्रिय सेवानिवृत्त जीवन की कामना की। बोयट ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस विभाग और आमजन का सहयोग ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी रहा है।

रिटायर्ड कैप्टन दुष्यंत कुमार साइकिल से कर रहे हैं माँ नर्मदा परिक्रमा

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

खंडवा। भारतीय नौसेना में 33 वर्षों तक देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा करने के बाद सेवानिवृत्त हुए कैप्टन दुष्यंत कुमार अब समाज सुधार के एक अनूठे अभियान पर निकले हैं। वे साइकिल से माँ नर्मदा की परिक्रमा कर रहे हैं। उनकी इस आध्यात्मिक यात्रा का मुख्य उद्देश्य युवाओं और आम नागरिकों को नशामुक्ति, स्वस्थ जीवनशैली, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सद्भाव का संदेश देना है। गत जून माह में नौसेना से सेवानिवृत्त



हुए कैप्टन दुष्यंत की पोस्टिंग के अंतिम दो वर्ष जबलपुर में बीते। यहीं नर्मदा परिक्रमावासियों और साधु-संतों के त्याग, तपस्या और अटूट श्रद्धा ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया, जिसके बाद उन्होंने स्वयं परिक्रमा करने का संकल्प लिया।

कश्मीर से कन्याकुमारी तक नाप चुके हैं दूरी

कैप्टन दुष्यंत का साइकिलिंग और सामाजिक जागरूकता से पुराना नाता है। इससे पहले वर्ष 2022 में उन्होंने 'सात्विक भोजन, बेहतर जीवन - साइकिल अपनाइए, प्रदूषण भगाइए' के संदेश के साथ कन्याकुमारी से कश्मीर तक की साइकिल यात्रा पूरी की थी। कैप्टन दुष्यंत युवा पीढ़ी में बढ़ती तंबाकू, सिगरेट और शराब की लत से बेहद चिंतित हैं। वे कहते हैं कि नशा न केवल युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रहा है, बल्कि पूरे परिवार का सुख-चैन छीन रहा है।

21 दिन का लक्ष्य

21 नवंबर को जबलपुर के ग्वारीघाट से अपनी यात्रा शुरू करने वाले कैप्टन दुष्यंत जोगी टिकरिया, अमरकंटक, अमरपुर, बरेली, बरमानघाट, माखननगर, बाबई और हरदा होते हुए ओंकारेश्वर पहुँचे हैं। दो विश्राम दिवसों के साथ उनका लक्ष्य 21 दिनों में यह परिक्रमा पूरी करने का है। नशामुक्त भारत-सशक्त भारत के संकल्प पर वे कहते हैं कि नशामुक्त समाज बनाना हर जागरूक नागरिक की जिम्मेदारी है।

विकास कालीसिंध नदी से नलखेड़ा तक होगा मार्ग का निर्माण

40 करोड से बनेगा 12 मीटर चौड़ा मार्ग

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

नलखेड़ा। नगर को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी कड़ी में कालीसिंध नदी से नलखेड़ा तक के मार्ग का निर्माण एवं चौड़ीकरण कार्य एमपीआरडीसी द्वारा कराया जा रहा है। करीब 13 किलोमीटर लंबे इस मार्ग को 12 मीटर चौड़ा बनाया जाएगा, जिस पर लगभग 40 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

विश्व प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर नलखेड़ा में स्थित होने के कारण यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। वर्तमान में सड़क मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ने से श्रद्धालुओं एवं आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। मार्ग के चौड़ीकरण से आवागमन अधिक सुगम और सुरक्षित होने की उम्मीद है। जानकारी के अनुसार, इस मार्ग का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। सड़क की चौड़ाई 12 मीटर रखी जाएगी



तथा आवश्यकतानुसार साइड अतिरिक्त चौड़ीकरण भी किया जाएगा। कार्य पूर्ण होने के बाद भोपाल, गुना, ग्वालियर, राजगढ़ सहित राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं को मां बगलामुखी मंदिर पहुंचने में सुविधा मिलेगी।

सांसद की महत्वपूर्ण भूमिका

कालीसिंध नदी से नलखेड़ा मार्ग के चौड़ीकरण की स्वीकृति दिलाने में क्षेत्रीय सांसद रोडमल नागर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। भाजपा जिला मंत्री पवन वेदियां द्वारा इस संबंध में सांसद के संज्ञान में मामला लाने के बाद सांसद रोडमल नागर ने एमपीआरडीसी से मार्ग के शेष हिस्से के चौड़ीकरण की स्वीकृति दिलाने के प्रयास किए।

15 मीटर चौड़े मार्ग के निर्माण का प्रस्ताव भी रखा

इसी मार्ग को जोड़ने के लिए 15 मीटर चौड़े मार्ग के निर्माण का प्रस्ताव भी महिदपुर क्षेत्र की ओर से रखा गया है, जिसके स्वीकृत होने की संभावना जताई जा रही है। मार्ग का निर्माण पूरा होने से न केवल नलखेड़ा नगर के नागरिकों को राहत मिलेगी, बल्कि मां बगलामुखी के दर्शनार्थ आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए भी आवागमन आसान होगा।

100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल की तत्काल स्वीकृति जारी करें : यादव

कसरावद। कसरावद के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को 30 बिस्तरों से उन्नयन कर 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल बनाए जाने की वर्षों पुरानी मांग को लेकर पूर्व कृषि मंत्री, विधायक सचिन यादव ने इस मामले में सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए 100 बिस्तरीय सिविल अस्पताल की तत्काल स्वीकृति जारी करने की मांग की है। विधायक ने कहा कि वर्तमान 30 बिस्तरों वाला अस्पताल बढ़ती आबादी और स्वास्थ्य स्के लिहाज से पर्याप्त नहीं है।

सुंदरकांड हुए, आज होगी पूर्णाहुति

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

कसरावद। कहार (मांझी) समाज की नवनिर्मित धर्मशाला के शुभारंभ अवसर पर तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पहले दिन शनिवार रात्रि को संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया गया। वहीं दूसरे दिन रविवार को यज्ञ हवन-पूजन अनुष्ठान हुआ। धार्मिक अनुष्ठान के अंतिम दिन सोमवार को पूर्णाहुति के बाद कन्या पूजन एवं कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। धर्मशाला के निर्माण और शुभारंभ से नगर के कहार (मांझी) समाजजनों को सामाजिक, पारिवारिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए सर्वसुविधायुक्त भवन की सुविधा उपलब्ध होगी।

कहार (मांझी) समाज के अध्यक्ष नत्थू वर्मा ने बताया कि नगर में समाजजनों के सामूहिक सहयोग से धर्मशाला का निर्माण



कराया गया है। समाज की लंबे समय से आवश्यकता को देखते हुए धर्मशाला भवन का निर्माण कराया गया है, जिससे समाज के लोगों को विभिन्न आयोजनों के लिए एक उपयुक्त स्थान मिल सकेगा।

सुविधा को ध्यान में रखते हुए धर्मशाला का निर्माण

धर्मशाला समिति अध्यक्ष लालूराम वर्मा ने बताया कि समाजबंधुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए धर्मशाला का निर्माण सर्वसुविधायुक्त भवन के रूप में कराया गया है। अब समाज में होने वाले सामाजिक, पारिवारिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए समाजजनों को बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। धार्मिक अनुष्ठान के पहले दिन शनिवार रात्रि को श्री चिंतामणि सुंदरकांड भजन मंडल के सदस्यों द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया गया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड पाठ का श्रवण कर धर्मलाभ लिया। दूसरे दिन रविवार को विधि-विधान के साथ यज्ञ हवन अनुष्ठान कर सुखएवं समाज की उन्नति की कामना की गई।

युवा कांग्रेस ने हवन कर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

खड़े हनुमान मंदिर को लेकर प्रशासनिक कार्रवाई का विरोध

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

उज्जैन। ऐतिहासिक खड़े हनुमान मंदिर को लेकर चल रही प्रशासनिक कार्रवाई के विरोध में अब युवा कांग्रेस भी खुलकर मैदान में उतर आई है। रविवार दोपहर करीब 3 बजे युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने मंदिर परिसर के समीप एकत्र होकर हवन-पूजन किया और बेहद अनोखे अंदाज में अपना विरोध दर्ज कराया।

विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने भगवान हनुमानजी की तस्वीर स्थापित कर विधि-विधान से पुष्प अर्पित किए और हवन कुंड में आहुतियां डालकर प्रशासन को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की। इस मौके पर युवा कांग्रेस ने स्पष्ट मांग रखी कि मंदिर को इस स्थान से हटाने के बजाय यहीं पर पूर्ण रूप से सुरक्षित रखा जाए। कार्यकताओं ने दो टूक चेतावनी देते हुए कहा कि यदि मंदिर या प्रतिमा को किसी भी प्रकार का नुकसान पहुंचाया गया, तो संगठन सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने को बाध्य होगा।



प्रशासन की कार्यप्रणाली पर खड़े किए गंभीर सवाल

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्पित यादव ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि पिछले कई महीनों से मंदिर को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है और कुछ दिन पूर्व मंदिर के ढांचे में दरार आने की बात भी सामने आई थी। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई संदेह के घेरे में है। अर्पित यादव ने सवाल उठाया कि जब शहर के सभी धर्मों के लोग और आम श्रद्धालु एक स्वर में मंदिर को इसी स्थान पर यथावत रखने की मांग कर रहे हैं, तो फिर प्रशासन किसी की बात सुने बिना एकतरफा निर्णय क्यों ले रहा है। जिलाध्यक्ष ने प्रशासन को सुझाव देते हुए कहा कि इस संवेदनशील मुद्दे को सुलझाने के लिए मंदिर के जिम्मेदार पदाधिकारियों के साथ-साथ मस्जिद के जिम्मेदार लोगों को भी एक मंच पर साथ बैठाकर चर्चा करनी चाहिए। प्रशासन को स्वयं कोई निर्णय थोपने के बजाय सभी पक्षों की बात सुननी चाहिए और आपसी सहमति के आधार पर ही कोई रास्ता निकालना चाहिए। उन्होंने पुनः चेतावनी दी कि यदि मंदिर की प्रतिमा खंडित हुई, तो युवा कांग्रेस उग्र आंदोलन छेड़ेगी।

पाइप काटने के विवाद में किसान की हत्या

उज्जैन। जिले के बोर मुंडला गांव में पानी का पाइप काटने के दो महीने पुराने विवाद में रविवार सुबह 55 वर्षीय किसान मेहरबान सिंह सोलंकी की लाठी-डंडों से पीटकर हत्या कर दी गई। सुबह करीब 4:30 बजे खेत पर पानी देने जाते समय गांव के लोगों ने उन्हें रोक कर हमला किया, जिससे उनके सिर, मुंह, पीठ और पैरों में गंभीर चोटें आईं।

घटनाक्रम के मुताबिक, रविवार सुबह करीब 4:30 बजे अर्जुन सिंह अपने पिता मेहरबान सिंह के साथ खेत पर पानी देने जा रहे थे। रास्ते में जगदीश, प्रकाश और मनोहर ने उन्हें रोका और घर की पानी का पाइप काटने का कारण पूछा। मेहरबान सिंह ने बताया कि पाइप उनके घर के ऊपर से जा रहा था, इसलिए उन्होंने काट दिया। इस पर विवाद बढ़ गया और गाली-गलौज के बाद जगदीश व प्रकाश ने डंडों से पैर पर तथा मनोहर ने हाथ पर वार किया। इसी दौरान बद्री और राधेश्याम भी मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि राधेश्याम ने लकड़ी से मेहरबान सिंह के सिर, मुंह और पीठ पर हमला किया, जबकि बद्री ने थप्पड़ और मुक्कों से मारपीट की। अर्जुन सिंह और धर्मेंद्र सिंह ने बीच-बचाव किया।

भुगतान अटकने से मंछामन मल्टी का काम फिर बंद

करीब 11 साल से अपने घर की आस में है 288 परिवार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

उज्जैन। अपने आशियाने का सपना संजोए बैठे 288 हितग्राही परिवारों का इंतजार और लंबा होता जा रहा है। नगर निगम की महत्वाकांक्षी मंछामन मल्टी आवासीय योजना का निर्माण कार्य एक बार फिर ठप पड़ गया है। दीपावली के बाद से कार्यस्थल पर काम पूरी तरह बंद है और कोई भी मजदूर या जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है।

महापौर मुकेश टटवाल ने जनवरी तक हितग्राहियों को मकान सौंपने का दावा किया था, लेकिन मौजूदा हालातों को देखते हुए यह समय-सीमा भी पूरी होती नजर नहीं आ रही है।



छह ब्लॉकों की इमारतें अब भी अधूरी पड़ी है

परियोजना के तहत छह ब्लॉकों की इमारतें अब भी अधूरी पड़ी हैं, जबकि तीसरी बार निर्माण की जिम्मेदारी संभालने वाला ठेकेदार भी समय पर भुगतान नहीं होने के कारण काम छोड़ने की तैयारी में है। मंछामन मल्टी प्रोजेक्ट की शुरूआत वर्ष 2015 में हुई थी और इसे जुलाई 2017 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था। योजना के तहत छह ब्लॉकों में 288 फ्लैट बनाए जाने थे। शुरूआत में इसका ठेका अहमदाबाद की ओमनी कंपनी को दिया गया था, लेकिन तय समय पर काम पूरा नहीं करने के कारण निगम ने उसका ठेका निरस्त कर दिया। इसके बाद ज्योति इंफ्राटेक को काम सौंपा गया, मगर वह भी निर्माण अधूरा छोड़कर चली गई। बजट के अभाव में यह प्रोजेक्ट लंबे समय तक अटका रहा। इसके बाद 27 जनवरी 2025 को एलएनए इंफ्रा प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड ने 33.95 करोड़ रुपये के बजट के साथ दोबारा काम शुरू किया। इस कंपनी के लिए पहले जनवरी 2026 की समय-सीमा तय की गई थी, जिसे बाद में बढ़ाकर अप्रैल, जून, नवंबर और फिर दिसंबर तक किया गया, लेकिन निर्माण कार्य अब भी अधूरा है। इस देरी का सबसे बड़ा खामियाजा वे 288 परिवार भुगत रहे हैं, जो पिछले 11 वर्षों से अपने घर की राह देख रहे हैं। कई हितग्राहियों ने तो मकान की किस्तें चुकाने के लिए बाजार से ब्याज पर कर्ज तक ले रखा है, जिससे उन पर दोहरी आर्थिक मार पड़ रही है। उधर, नगर निगम को इस मल्टी का निर्माण पूरा करने के लिए करीब 30 करोड़ रुपये की आवश्यकता है।

30 करोड़ रुपये के लोन का प्रस्ताव ठंडे बस्ते में

निगम अधिकारियों की उदासीनता के चलते 20 अक्टूबर 2024 को पारित हुआ 30 करोड़ रुपये के लोन का प्रस्ताव ठंडे बस्ते में चला गया था। हालांकि, पिछले महीने नगर निगम सदन में 15 करोड़ रुपये का लोन लेने का नया प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है, लेकिन बैंक स्तर पर लोन की प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। मामले में महापौर मुकेश टटवाल का कहना है कि 15 करोड़ रुपये के लोन की प्रक्रिया चल रही है और इसके साथ ही कानीपुरा के फ्लैट भी बिक्री के लिए रखे गए हैं, जिनसे मिलने वाली राशि मंछामन मल्टी के निर्माण में लगाई जाएगी।

यातायात प्रभारी ने 7 वाहन चालकों के बनाए चालान

नोटिस देने के बाद भी नहीं सुधारी व्यवस्था

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

शाजापुर। यातायात प्रभारी ने एबी रोड स्थित वरदान अस्पताल में आने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। उन्होंने 7 वाहन चालकों के चालान बनाए। साथ ही अस्पताल प्रबंधन को भी नोटिस जारी कर व्यवस्था सुधारने हेतु निर्देशित किया।

दरअसल एबी रोड पर इन दिनों एक तरफ का रास्ता बंद है और दोनो ओर से आने वाले वाहन एक ही साईड से निकल रहे हैं। ऐसे में आसपास के दुकानदारों द्वारा पार्किंग व्यवस्था नहीं की जा रही है। जहां आने वाले वाहन चालक सड़क पर ही अपने वाहन खड़े कर रहे हैं। जब यातायात प्रभारी को जानकारी लगी तो वे वहां पहुंची और सड़क पर खड़े वाहनों को हटाया। साथ ही जिन लोगों के वाहन सड़क पर पाए गए उनके चालान बनाए गए। निर्माण के चलते फिलहाल इस



मार्ग पर पहले से ही वाहनों का दबाव है। इसके बावजूद वरदान हास्पिटल के मरीजों और स्टाफ के दोपहिया और चारपहिया वाहन सड़क पर खड़े किए जा रहे हैं। इससे यहां जाम लग रहा है और वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। शनिवार को यातायात प्रभारी मोनिका सिंह मौके पर पहुंचीं और सड़क पर खड़े 7 वाहनों के चालान काटे।

सास से प्रेरित बहू ने लिया देहदान का संकल्प

बुजुर्ग महिला के निधन के बाद परिजनों ने कराया नेत्रदान

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

शाजापुर। स्थानीय हाट मैदान में रविवार सुबह वार्ड क्रमांक 4 में बुजुर्ग 86 वर्षीय महिला का निधन हो गया। जिसके बाद परिजनों ने उनके द्वारा लिए गए संकल्प का पालन करते हुए उनके नेत्रदान करवा दिए। वहीं उनकी बहू ने भी देहदान का संकल्प लिया और परिवार ने इस पहल से समाज में नेत्रदान और देहदान के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

ललिता बाई पति स्वर्गीय रघुनाथ सिंह मंडलोई पिछले कुछ दिनों से बीमार थीं। रविवार सुबह करीब 7 बजे उनका निधन हो गया। उन्होंने जीवनकाल में ही नेत्रदान करने की सहमति देकर संकल्प



लिया था। अंकुर प्रगतिशील महिला केंद्र से उन्हें नेत्रदान की प्रेरणा मिली थी। उनके निधन के बाद परिजनों ने उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए नेत्रदान कराने का निर्णय लिया। परिजनों ने इसके लिए जिला अस्पताल संपर्क किया और अपनी इच्छा बताई। इस पर जिला अस्पताल में पदस्थ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मनोज पंचोली अपनी टीम के साथ उनके निवास पर पहुंचे। टीम ने नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी कराई। इस पहल से ललिता बाई के नेत्र जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन में रोशनी लाने का माध्यम बन सकेंगे।

बहू ने लिया संकल्प

बुजुर्ग के नेत्रदान से प्रेरित होकर उनकी बहू उर्मिला मंडलोई (62) ने भी मृत्यु के बाद देहदान करने का संकल्प लिया है। उन्होंने अपना शरीर चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के लिए दान करने का निर्णय लिया। उल्लेखनीय है कि शासन ने देहदान करने वाले लोगों को गार्ड ऑफ आनर से सम्मानित करने के संबंध में सर्कुलर जारी किया है। मंडलोई परिवार की इस पहल ने मृत्यु के बाद भी मानवता की सेवा करने का संदेश दिया है।

स्वदेशी मेले में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

देवास। पुलिस ग्राउंड में आयोजित स्वदेशी मेले के दूसरे दिन भी लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान शहर के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कालापीपल विधायक घनश्याम सिंह चंद्रवंशी, देवास महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल और वरिष्ठ भाजपा नेता दुर्गेश अग्रवाल उपस्थित रहे।

अतिथियों ने सबसे पहले राम दरबार में पूजा-अर्चना की। इसके बाद मेले में लगे विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण कर स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी की और स्थानीय उत्पादकों एवं व्यापारियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में पालक अधिकारी समीर मूंदड़ा, संगठन मंत्री हेमंत रावत और सहसंयोजक विपुल अग्रवाल भी मौजूद रहे। स्वागत भाषण मेला संयोजक विजेंद्र उपाध्याय ने दिया। कार्यक्रम का संचालन मोनिका शर्मा एवं शिवांगी महाजन ने किया तथा आभार सहसंयोजक पुष्पलता सोनगरा ने माना। स्वदेशी उत्पादों, भारतीय संस्कृति और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर रहा यह मेला देवासवासियों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

दो बाइकों की टक्कर में पांच लोग घायल, दो गंभीर

शाजापुर। रविवार शाम करीब 5 बजे हाईवे पर सुनेरा थाने के आगे दो बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे में पांच लोग घायल हुए। 108 एंबुलेंस से उन्हें शाजापुर जिला अस्पताल लाया गया। गंभीर हालत के चलते दो लोगों को इंदौर रेफर किया गया। जानकारी के मुताबिक मदाना निवासी राजेश (27) पिता हेमराज, रोहित (22) पिता देवकरण और आनंद (12) पिता देवकरण एक बाइक पर सवार होकर मदाना से पनवाड़ी स्वेटर खरीदने जा रहे थे। सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी टक्कर हो गई। उस बाइक पर साहिल और शमशाद सवार थे। हादसे में तीन लोगों को सामान्य चोटें आईं। लक्की (18), पिता शमशाद के मुंह में चोट लगी, जबकि रोहित के सिर में गंभीर चोट आई। प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को इंदौर रेफर किया गया। शाजापुर जिला अस्पताल में ड्यूटी डॉक्टर विनोद गुर्जर ने बताया कि 108 एंबुलेंस से पांच घायलों को अस्पताल लाया गया था।

सत्य साईं सेवा समिति ने मनाया बाबा का 101वां जन्मोत्सव

शाजापुर। श्री सत्य सांई सेवा समिति द्वारा सोमवारिया बाजार स्थित सांई प्रसादम में श्री सत्य सांई बाबा का 101वां जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समिति सदस्य व नगरवासी शामिल हुए। इस दिन समिति द्वारा बाबा के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निराश्रितों को कंबल व कपड़ों का वितरण किया। भंडारे में भी नगरवासियों ने बाबा का प्रसाद ग्रहण किया।

समिति के ब्रजेंद्रसिंह खिंची ने बताया कि आयोजन के तहत शनिवार सुबह 5.15 बजे सुप्रभातम व नगर संकीर्तन का आयोजन किया गया। इसके बाद शाम 7 से 8.30 बजे तक वेदपाठ, भजन, प्रवचन, जन्मोत्सव, महामंगल आरती हुई जिसमें सभी ने शामिल होकर सत्य सांई बाबा का जन्मोत्सव मनाया। इसके बाद प्रसादी वितरण किया गया।

प्रदेशाध्यक्ष के साथ नगरवासियों ने सुनी पीएम के मन की बात

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

शाजापुर। जिला पीएम मोदी की मन की बात कार्यक्रम में लगातार नंबर वन पर बना हुआ है। रविवार को भी जिलेवासियों ने मन की बात कार्यक्रम के लिए विभिन्न संसाधनों के माध्यम से इस कार्यक्रम को सुना और पीएम की बातों को अपने दैनिक जीवन में उतारने का प्रयास भी



किया। लालपुरा स्थित कायस्थ समाज की धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में वार्ड पार्षद दुष्यंत सोनी व लोकेश शर्मा द्वारा एलईडी की व्यवस्था की थी। जहां भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष श्याम टेलर भी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। श्री टेलर ने कहा कि हम युवाओं के लिए पीएम मोदी आदर्श व्यक्तित्व हैं जो इस उम्र में भी देश के विकास और युवाओं के भविष्य के लिए चिंतित हैं। वे युवाओं के लिए लगातार मार्गदर्शन देते हुए विभिन्न देशों से नई-नई योजनाएं ला रहे हैं ताकि हमारा भविष्य सुरक्षित हो सके। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि हम आज पीएम के मन की बात कार्यक्रम में इतनी संख्या में उपस्थित होकर उनकी बातों को गंभीरता से ले रहे हैं। आज देश लगातार विकास की ओर बढ़ रहा है ।

आयोजन

गीत और भजनों से सुरमयी हुई दीपावली मिलन की शाम

सिद्धिविनायक को 108 मराठी व्यंजनों का भोग

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

देवास। महाराष्ट्र समाज देवास एवं करहाड़े ब्राह्मण संघ मालवांचल के संयुक्त तत्वावधान में संयुक्त दीपावली मिलन समारोह एवं संगीत संध्या हर्षोल्लास, आत्मीयता और सांस्कृतिक उल्लास के साथ आयोजित हुई। समारोह का शुभारंभ महाराष्ट्र समाज के सिद्धिविनायक एवं गणपति मंदिर में भगवान गणेश तथा अष्ट विनायक स्वरूपों को 108 से अधिक प्रकार के पारंपरिक मराठी व्यंजनों का भोग अर्पित कर किया गया। विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती के पश्चात प्रसादी वितरण हुआ।

मंदिर परिसर भक्तिभाव और मराठी संस्कृति के रंग में सराबोर रहा। इसके पश्चात झोंकरकर सभागृह में दीप प्रज्ज्वलन के साथ संगीत संध्या एवं दीपावली मिलन समारोह का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में करहाड़े ब्राह्मण महासंघ पुणे के अध्यक्ष



गणेश गुर्जर, करहाड़े ब्राह्मण संघ मालवांचल के अध्यक्ष प्रभात आमडेकर, उपाध्यक्ष विवेक ढलवे, सचिव निखिल खानवलकर, सहसचिव अनिरुद्ध कात्रे सहित महाराष्ट्र समाज देवास के कार्यक्रम संयोजक दिलीप बाकरे, कार्याध्यक्ष संकेत सुपेकर, सचिव भूषण अत्रे, न्यास मंडल प्रबंधक सदाशिव जोशी, अध्यक्ष संजय कोटस्थाने, उपाध्यक्ष मंदार मुळे एवं कोषाध्यक्ष निलिंद महादगुड़ सहित समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

सुमधुर गायन एवं हारमोनियम की प्रस्तुति से श्रोता मंत्रमुग्ध

महाराष्ट्र समाज के प्रवक्ता अमित बागलीकर ने बताया कि संगीत संध्या में देवास के युवा संगीत साधक चिंतन अनंत ढवळे ने अपने सुमधुर गायन एवं हारमोनियम की प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भक्ति गीतों और सुरीली प्रस्तुतियों के साथ साजन मेरे घर आये जैसे गीतों ने संगीत संध्या को यादगार बना दिया। तबले पर अंशुल राठौर एवं सार्थक सुनील गेहलोत ने शानदार संगत की। दो घंटे से अधिक समय तक चली संगीत संध्या के समापन पर भैरवी राग की प्रस्तुति ने श्रोताओं को तालियों के साथ झूमने पर मजबूर कर दिया। वरिष्ठ कलाकार अनिल चितांबरे ने भी अपनी कला एवं सांस्कृतिक यात्रा से उपस्थित जनों को परिचित कराया। युवा संगीत साधकों की प्रतिभा एवं साधना को उपस्थित रसिकों ने मुक्तकंठ से सराहा। इस अवसर पर करहाड़े ब्राह्मण संघ मालवांचल द्वारा समाजहित में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए महाराष्ट्र समाज देवास की ओर से सम्मान स्वरूप भेंट प्रदान की गई। संचालन सुश्री आरती कुलकर्णी ने किया तथा आभार श्रीमती प्रेरणा दीवान ने माना।

महात्मा फुले की पुण्यतिथि पर उनके बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

अ.भा. माली महासंघ ने मनाई महात्मा फुले की पुण्यतिथि

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

देवास। अखिल भारतीय माली महासंघ शाखा जिला देवास द्वारा सामाजिक क्रांति के अग्रदूत महात्मा फुले की 136वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान सर्वप्रथम मालीपुरा स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

कार्यक्रम को एड. पी.सी हरोडे, अशोक वर्मा, मुकेश गोयल, घनश्याम चौहान आदि ने संबोधित करते हुए उनके सामाजिक, शैक्षणिक कार्य एवं समाज में फैली कुरीतियों अंधविश्वास, अशिक्षा एवं शोषण के विरूद्ध किए शंखनाद स्त्री शिक्षा, विधवा विवाह, सती प्रथा उन्मूलन, निराश्रित बच्चों के लालन, पालन आदि के संबंध में



किए गए कार्यों का स्मरण करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि महात्मा फुले ने शिक्षा के क्षेत्र में काफी काम किया है। साथ ही महिला उत्थान के लिए भी अपना जीवन समर्पित कर दिया है।

यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर हेमराज सोलंकी, अजय पडियार, यशवंत हरोडे, भागीरथ पहलवान, जगदीश चौहान, सोमेश्वर सोलंकी, सतीष पुष्पद, बलराज हरोडे, पुरूषोत्तम मोहरी, नीरज पटेल, बाबूला गोहलोत, ओम डोडिया, मुकेश सोलंकी, जयप्रकाश मालवीय, प्रमोद बारोड, जमनालाल गेहलोत, माधव पुष्पद आदि सहित अनेक समाजजन उपस्थित थे। संचालन जिलाध्यक्ष ताराचंद पडियार ने एवं आभार रामदास माली ने माना।

शातिर वाहन चोर हुआ गिरफ्तार 20 लाख की 20 बाइक बरामद

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी की बड़ी वारदातों का पदार्फाश करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में आरोपी के कब्जे से विभिन्न स्थानों से चोरी की गई कुल 20 मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपये आंकी गई है।

जानकारी के अनुसार, दिनांक 29 अक्टूबर को तायड़े कॉलोनी अशोकनगर निवासी फरियादी रामनिवास रघुवंशी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि न्यायालय परिसर अशोकनगर से अज्ञात बदमाश उनकी हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक टढ67इ1025 चुरा ले गया है। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने अपराध क्रमांक 682/26, धारा 303(2) बीएनएस के तहत



प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी।

एसपी ने किया विशेष टीम का गठन

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी और चोरी के वाहनों की बरामदगी के निर्देश दिए थे। एसपी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं एसडीओपी अशोकनगर के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेही को चिन्हित कर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सिरिया पिता पृथ्वीराज मीना (40 वर्ष), निवासी ग्राम दीतलवाड़ा, थाना राघोगढ़, जिला गुना बताया। आरोपी ने न केवल अशोकनगर न्यायालय परिसर से बाइक चोरी करना कबूला, बल्कि राजस्थान, गुना, अशोकनगर, भोपाल, शिवपुरी और राजगढ़ सहित अन्य क्षेत्रों से भी वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया।

हीरो एचएफ डीलक्स कंपनियों की बाइक शामिल

आरोपी की निशानदेही पर फरियादी की हीरो स्प्लेंडर क्रमांक टढ67इ1025 सहित कुल 20 दोपहिया वाहन बरामद किए गए हैं। जब्त वाहनों में हीरो स्प्लेंडर प्लस, हीरो एचएफ डीलक्स, होंडा साइन, बुलेट और होंडा पैशन प्रो सहित अन्य कंपनियों की मोटरसाइकिलें शामिल हैं।

इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चौहान के साथ उपनिरीक्षक संजय गुप्ता, उपनिरीक्षक मसीह खान, सउनि0 अभिजीत सिंह, विनोद तिवारी, देशराज भील, प्रधान आरक्षक दिनेश कुशवाह, नवल शर्मा, दिलीप रजक, आरक्षक प्रशांत भदौरिया, गौरव रघुवंशी, अभयराज रघुवंशी, महेश बघेल, भारत सिंह लोधी, पवन धाकड़, अरविंद शर्मा, पुष्पेन्द्र यादव, बृजभान सिंह यादव, कृष्णगोपाल मंडोत तथा गुना पुलिस के आरक्षक नवदीप अग्रवाल, राजीव रघुवंशी, बंटी जाटव और अजीत चंदेल की सराहनीय भूमिका रही।

पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने दोपहिया वाहन सुरक्षित स्थानों पर खड़े करें और लॉक की नियमित जांच करें। खराब या ढीले लॉक को तुरंत बदलवाएं, अतिरिक्त सुरक्षा लॉक लगाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

कलयुगी बेटे ने की पिता की हत्या

वारदात के महज 6 घंटे बाद आरोपी गिरफ्तार

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। जिले के नईसराय थानातंर्गत एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। जिसमें एक कलयुगी पुत्र ने अपने ही पिता की हत्या कर दी। हालांकि इस मामले में पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए फरार आरोपी पुत्र को वारदात के महज छह घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में गंभीर अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है।

जानकारी के अनुसार रविवार को ग्राम घटावदा, थाना नईसराय निवासी फरियादी अरुण पुत्र पूरन परिहार (22 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी अमित पुत्र उमकार परिहार (25 वर्ष) ने अपने पिता उमकार परिहार के सिर पर डंडे से हमला कर उनकी हत्या कर दी। इस शिकायत पर नईसराय पुलिस ने अपराध क्रमांक 239/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) और 296(क) में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। मामले की गंभीरता



को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश और एसडीओपी चंदेरी महेश शर्मा के मार्गदर्शन में नईसराय थाना प्रभारी उपनिरीक्षक आशुतोष गुप्ता के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

नाले की झाड़ियों के पीछे से दबोचा आरोपी

पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से तेजी से तलाश शुरू की और घटना के मात्र छह घंटे के भीतर आरोपी अमित परिहार को ग्राम घटावदा के खेतों के पास स्थित नाले की झाड़ियों के पीछे से दबोच लिया। आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी आशुतोष गुप्ता के साथ सायबर सेल के उपनिरीक्षक संजय गुप्ता, सहायक उपनिरीक्षक अवधेश रघुवंशी, भोलाराम रघुवंशी, मंजीत त्रिवेदी, अजय शंकर सिंह, प्रधान आरक्षक भरत यादव, शत्रुघ्न रघुवंशी, दिनेश कुमार, मुनेश सिंह गौर और आरक्षक नवीन रघुवंशी, गोपीलाल, वीरेन्द्र परिहार, दिलीप यादव, सत्यवीर राय, सोनू शर्मा, सुनील मीना, प्रशांत खटीक, गोविंद जौहर व रविन्द्र रघुवंशी की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में गंभीर अपराधों के आरोपियों के विरुद्ध ऐसी सख्त व त्वरित कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

खुले में मछली बेचने पर लगाया जुर्माना

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। जिले के खेरीखता हाट बाजार में दूर-दराज से आने वाले मछली विक्रेताओं द्वारा खुले परिसर में मछलियां बेचने की शिकायत पर मत्स्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमार कार्रवाई करते हुए जुमार्ना लगाया। जानकारी के मुताबिक बाजार में अलग-अलग प्रजाति की मछलियां लेकर विक्रेता पहुंचते हैं, जिससे वहां काफी भीड़ जमा हो जाती है और स्थानीय लोगों को आवागमन व गंदगी के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

शिवपुरी से महाराष्ट्र ले जाए जाए जा रहे 30 मवेशियों को कराया मुक्त

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। शिवपुरी से महाराष्ट्र की ओर गोकशी के लिए ले जाए जा रहे 30 से अधिक गोवंश के बछड़ों से भरा बंद कंटेनर रविवार सुबह बीनागंज के पास पकड़ लिया गया। रविवार की सुबह करीब साढ़े 6 बजे बीनागंज चौकी क्षेत्र के बरखेड़ा गांव के पास हाईवे पर अचानक कंटेनर की शाफ्ट टूट गई, जिससे वाहन वहीं रुक गया।

मौका मिलते ही चालक और गोतस्कर कंटेनर छोड़कर मौके से फरार हो गए। जानकारी सामने आई है कि कंटेनर क्रमांक एचआर 55 एएल 6351 में बछड़ों को बेरहमी से ठूंस-ठूंसकर भरा गया था। वाहन खराब होने और तस्करों के भागने की खबर मिलते ही गुना और कुंभराज सहित आसपास के इलाकों के गोसेवक तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और बीनागंज चौकी पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस और गोसेवकों ने मिलकर कंटेनर से सभी बछड़ों को सुरक्षित बाहर निकाला और बीनागंज गौशाला भिजवाया।

एफआईआर दर्ज कराई गई

इस मामले में गौसेवकों की ओर से बीनागंज चौकी में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

इस कार्रवाई में चौकी पुलिस स्टाफ के साथ कुंभराज से हैप्पी जैन व भगवान भैया तथा गुना से रामसिंह रजक, भोला कुशवाह और मोनू ओझा सहित अन्य गोसेवक मौजूद रहे।



स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक- जितेंद्र कोठारी द्वारा पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.लि. राऊखेड़ी, देवास रोड, इंदौर (म.प्र.) 453771 से मुद्रित एवं 107, प्रथम माला, स्वदेश भवन, ए.बी. रोड, इंदौर (म.प्र.) 452011 से प्रकाशित। संपादक-राघवेंद्र*।
आरएनआई नं. एमपीबीआईएल/2020/80117, फोन- 0731 3144237, मो. 83570 89000, Email-mradubhashi.news@gmail.com। समाचार चयन के लिए पीआरपी एक्ट के तहत जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)

मंदिर के सामने मछली की दुकानें और रास्ते पर मीट की गुमठियां!

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। शहर में खुले में मांस और मछली की बिक्री पर रोक के निर्देशों के बावजूद नियमों का पालन होता नजर नहीं आ रहा है। हालात यह हैं कि प्राचीन शीतला माता मंदिर के ठीक सामने दोपहर होते ही मछली विक्रेताओं की दुकानें सज जाती हैं। दूसरी ओर, कर्नलगंज और निचला बाजार को जोड़ने वाले मार्ग पर मीट विक्रेताओं की गुमठियां राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई हैं। नागरिकों का सवाल है कि जब इस कारोबार के लिए नगरपालिका ने लाखों रुपये खर्च कर स्लाटर हाउस बनाया है, तो फिर सड़क किनारे खुलेआम दुकानें क्यों संचालित हो रही हैं?

गौरतलब है कि साल 2023 में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में मांस और मछली का खुले में विक्रय नहीं करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं। निदेर्शों के अनुसार इस कारोबार के लिए लाइसेंस और निर्धारित स्थानों की व्यवस्था की जानी है। खुले में बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का भी प्रावधान है। इसके बावजूद गुना में सड़क किनारे दुकानें लगने और सार्वजनिक रास्तों के आसपास मीट-मछली का कारोबार होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। शहर के रहवासी और व्यवसायिक क्षेत्रों के बीच संचालित इन दुकानों से लोगों को आवागमन में परेशानी होने के साथ ही



साफ-सफाई को लेकर भी शिकायतें हैं।

शीतला माता मंदिर के सामने दोपहर होते ही दुकानें लग जाती है

शहर के निचला बाजार क्षेत्र में स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर के सामने दोपहर होते ही मछली विक्रेताओं की दुकानें लग जाती हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि दुकानें लगने के बाद आसपास गंदगी और दुर्गंध की समस्या पैदा होती है। विक्रेताओं के चले जाने के बाद बची गंदगी के कारण आवारा श्वान भी वहां पहुंच जाते हैं। इन दिनों शादी-विवाह का सीजन चल रहा है। मंदिर में प्रतिदिन श्रद्धालु माता पूजन और अन्य धार्मिक आयोजनों के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में मंदिर के सामने मछली की दुकानें लगने से उन्हें असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। नागरिकों ने प्रशासन से मंदिर के आसपास इस तरह का कारोबार रोकने की मांग की है। कर्नलगंज और निचला बाजार को जोड़ने वाले मार्ग पर भी मीट विक्रेताओं की गुमठियां लोगों की परेशानी बढ़ा रही हैं। रपटा के नजदीक संचालित दुकानों पर मीट खुले में लटकाए जाने की बात सामने आई है। इस मार्ग से कर्नलगंज, शिवाजी नगर, शिव कॉलोनी और नानाखेड़ी सहित कई क्षेत्रों के लोग आवागमन करते हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, रास्ते से गुजरते समय दुर्गंध और खुले में मीट की बिक्री के कारण उन्हें परेशानी होती है। नागरिकों का कहना है कि व्यस्त मार्ग पर इस तरह का कारोबार होने से आम लोगों की सुविधा और स्वच्छता दोनों प्रभावित हो रही हैं।

लाखों खर्च कर बनाया स्लाटर हाउस, फिर भी वीरान

खुले में मांस-मछली की बिक्री रोकने के लिए वर्ष 2023 के अंत में प्रशासन और नगरपालिका ने कार्रवाई करते हुए दुकानदारों को स्लाटर हाउस में स्थानांतरित किया था। नगरपालिका की ओर से वहां बैठने और पेयजल जैसी सुविधाओं की व्यवस्था भी की गई थी। लेकिन कुछ समय बाद ही कई दुकानदारों ने फिर से पुराने स्थानों और अपने घरों के बाहर दुकानें लगाना शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस स्थिति के कारण नगरपालिका द्वारा लाखों रुपये खर्च कर तैयार कराया गया स्लाटर हाउस उपयोग से बाहर होता जा रहा है, जबकि सड़क किनारे कारोबार पहले की तरह जारी है। अब सवाल यह है कि मुख्यमंत्री के निदेर्शों और पूर्व में की गई कार्रवाई के बावजूद शहर में खुले में मांस-मछली का कारोबार कैसे जारी है? क्या नगरपालिका और जिला प्रशासन दोबारा जांच कर नियमों का पालन सुनिश्चित कराएंगे? नागरिकों ने शीतला माता मंदिर के सामने और कर्नलगंज मार्ग पर संचालित दुकानों के संबंध में कार्रवाई करने तथा स्लाटर हाउस को व्यवस्थित रूप से संचालित कराने की मांग की है।

दर्शकों ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता शुरू, पहले दिन रोमांचक मुकाबले

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

आरोन। पूर्व मंत्री और क्षेत्रीय विधायक जयवर्धन सिंह के संरक्षण में युवा आदर्श एकता मंच समिति द्वारा स्वर्गीय चौधरी गणेशराम रघुवंशी की स्मृति में आयोजित रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ रामलीला मैदान में हुआ। पहला दिन स्थानीय खिलाड़ियों को समर्पित रहा, जिसमें महिला और पुरुष वर्ग के मुकाबले खेले गए।

महिला वर्ग में लर्निंग हब एकेडमी ने संजू स्पोर्ट एकेडमी को हराकर जीत दर्ज की, जबकि पुरुष वर्ग के रोमांचक मुकाबले में बरखेड़ा हाट की टीम विजयी रही। अतिथि के रूप में आविद खान, बबलू शर्मा, खुर्रम खान,



अतुल यादव और श्रीराम माली मौजूद रहे। रेफरी की जिम्मेदारी सिद्धांत यादव, सोनू सिलावट, केशव बुनकर और पवन शर्मा ने संभाली। समिति अध्यक्ष शिवा यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की 16 और महिला वर्ग की 8 टीमें भाग ले रही हैं। व्यवस्थाओं में विकास रघुवंशी, शिवप्रताप तोमर, कमल ग्वाल, मनोज गोस्वामी और यशद खान सहित अन्य सदस्य जुटे हैं। यह आयोजन खेल प्रतिभाओं और महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के साथ खेल प्रेमियों में उत्साह बढ़ा रहा है।

शासकीय पाइपलाइन में तोड़फोड़ कर अवैध कनेक्शन लेने का आरोप

राजगढ़। जिले में शासकीय पाइपलाइन में कथित तौर पर तोड़फोड़ कर अवैध कनेक्शन लेने का मामला सामने आया है। इस संबंध में परियोजना संचालक कार्यालय की ओर से थाना प्रभारी जीरापुर को पत्र लिखकर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करने की बात कही गई है। प्राप्त दस्तावेज के अनुसार, शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कुछ व्यक्तियों द्वारा शासकीय पाइपलाइन में तोड़फोड़ कर अनधिकृत रूप से कनेक्शन लिया गया। इससे पाइपलाइन को नुकसान पहुंचने के साथ ही उसके माध्यम से संचालित सिंचाई व्यवस्था भी प्रभावित होने की बात कही गई है।पत्र में उल्लेख किया गया है कि देवीलाल पिता मानसिंह ग्राम बटावदी थाना जीरापुर के विरुद्ध गांव वालों ने लिखित आवेदन दिया था,वही ऐसे मामले में कलेक्टर के निदेशानुसार संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

भजन संध्या का आयोजन



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। पिछड़ा वर्ग मोर्चा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सीताराम बाथम का अल्प प्रवास पर अशोकनगर रेस्ट हाउस पर आगमन हुआ। कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। उनके आगमन पर रात्रि को डॉक्टर कॉलोनी स्थित भोलेनाथ के मंदिर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 140वें संस्करण का सामूहिक श्रवण भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉ. हरवीर सिंह रघुवंशी के निवास पर किया गया।

इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग मोर्चा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सीताराम बाथम, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश महामंत्री रविंद्र लोधी, पार्षद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. जय मंडल यादव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष माधव राज यादव, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामवीर धनोरिया, राकेश रजक, डॉ. राजकुमार शर्मा, सुरेश क्रांतिकारी, ईशू राय, नंद किशोर त्यागी, दिनेश राय उपस्थित रहे।

रास्ते का विवाद : साले ने कर दी जीजा की हत्या

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

राजगढ़। रास्ते के विवाद में जीजा पर पत्थरों से हमला कर हत्या करने के मामले में थाना पचोर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मुख्य आरोपी को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के मार्गदर्शन और एसडीओपी सारंगपुर महेश सुनैया के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

जानकारी के अनुसार, 26 नवंबर 2026 की सुबह करीब 8:30 बजे ग्राम पानिया में रास्ते को लेकर धूलसिंह गुर्जर (65 वर्ष) का अपने साले चंदरसिंह गुर्जर (50 वर्ष) और उसकी पत्नी भूरीबाई गुर्जर से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर चंदरसिंह और



भूरीबाई ने धूलसिंह पर पत्थरों से मारपीट की, जिससे उन्हें गंभीर अंदरूनी चोटें आईं। घायल धूलसिंह को उनके बेटे धनसिंह और गोविंद शासकीय अस्पताल पचोर ले गए। फरियादी गोविंद गुर्जर की रिपोर्ट और मेडिकल के आधार पर पचोर पुलिस ने अपराध क्रमांक 553/26 में धारा 296(बी), 115(2), 351(3) और 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया।

अस्पताल में इलाज के दौरान मौत

बेहतर उपचार के लिए घायल धूलसिंह को शाजापुर रेफर किया गया, जहां गोहिल सम्पूर्ण अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इसके बाद मामले में हत्या की धारा 103(1) जोड़ी गई। राजगढ़ साइबर सेल की मदद से लोकेशन व गतिविधियों की जानकारी जुटाकर पुलिस ने मुख्य आरोपी चंदरसिंह पिता देवीसिंह गुर्जर, निवासी ग्राम पानिया को 24 घंटे के भीतर गांव से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के मेमोरेंडम के आधार पर घटना में प्रयुक्त पत्थर जब्त कर लिया गया है, जबकि फरार आरोपिया भूरीबाई की तलाश जारी है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक शकुंतला बामनिया, उप निरीक्षक अशोक कुमार भगत, प्रधान आरक्षक 524 रामकुमार रघुवंशी, महिला आरक्षक 896 माया राजपूत और आरक्षक 298 अरविंद, 697 मनीष मीणा व 1039 सुनील गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।

उत्साह के साथ मना स्पोर्ट्स डे



मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। तारा सदन स्कूल में रंगारंग स्पोर्ट्स डे का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा, गेस्ट ऑफ ऑनर जिला खेल अधिकारी गुना ओमप्रकाश शर्मा तथा विशेष अतिथि खेल अधिकारी पिपरई भूरक्षा दुबे उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की शुरूआत आकर्षक परेड से हुई। खुली जीप में मुख्य अतिथि मधु शर्मा एवं प्रिंसिपल सिस्टर एनसी एंटो ने विद्यार्थियों से सलामी ली। विद्यार्थियों के लिए हाथी रेस, रैबिट रेस, रिले रेस, स्लो साइक्लिंग सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में ब्लू हाउस प्रथम एवं रेड हाउस द्वितीय स्थान पर रहा। खेल स्पधाओं में जाहिद खान एवं वसीम खान ने रेफरी की भूमिका निभाई। इस अवसर पर पिछले वर्ष कक्षा 10वीं और 12वी में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले 46 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

नवोदय में प्रवेश के लिए हुई परीक्षा

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु आयोजित परीक्षा जिले के 9 परीक्षा केंद्रों पर सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

परीक्षा में कुल 2371 परीक्षार्थियों में से 1895 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 476 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा जिले के समस्त विकासखंडों में निर्धारित केंद्रों पर शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक आयोजित की गई। परीक्षा का जिला शिक्षा



अधिकारी श्रीमती मधु शर्मा एवं विभिन्न विकासखंडों में नियुक्त अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए परीक्षा संचालन की स्थिति का अवलोकन किया।

मॉडिफाइड साइलेंसर वाली बुलेट पर 20,500 जुर्माना

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

अशोकनगर। जिले में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ पुलिस का सख्त अभियान लगातार जारी है। पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में की जा रही इस मुहिम के तहत थाना कोतवाली पुलिस ने विदिशा रोड पर चेकिंग के दौरान एक बुलेट मोटरसाइकिल पर बड़ी कार्रवाई की है। न्यायालय ने वाहन चालक और मालिक पर कुल 20 हजार 500 रुपये का जुमार्ना लगाया है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी अशोकनगर के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम विदिशा रोड पर वाहन चेकिंग कर रही थी।

बिना नंबर प्लेट के ही दौड़ रही थी बुलेट मोटरसाईकल

इसी दौरान बुलेट मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी67 एमबी 3139 को रोका गया। जांच में पाया गया कि वाहन बिना नंबर प्लेट के चलाया जा रहा था और उसमें तेज आवाज करने वाला मॉडिफाइड साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न लगा हुआ था। जब पुलिस ने दस्तावेज मांगे तो वाहन चालक के पास ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य आवश्यक कागजात नहीं मिले। इसके अलावा वाहन का बीमा और पीयूसी भी वैध नहीं पाया गया। पुलिस ने वाहन चालक अजयपाल भुल्लर निवासी गंगानगर, अशोकनगर और वाहन स्वामी विपिन बागड़ी निवासी अशोकनगर के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं में इस्तगासा क्रमांक 12/2026 तैयार कर माननीय न्यायालय में पेश किया। सुनवाई के बाद न्यायालय ने चालक पर 13,500 रुपये और वाहन स्वामी पर 7,000 रुपये का अर्थदंड लगाया।

वाहनों में अनाधिकृत मॉडिफिकेशन न कराएं

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रवि प्रताप सिंह चौहान के साथ सउनि अजय तिवारी, प्रधान आरक्षक दिलीप रजक, आरक्षक कुलदीप चौहान, राजू रघुवंशी, पवन धाकड़ और सुनील पाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अशोकनगर पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, निर्धारित नंबर प्लेट लगाएं, वैध दस्तावेज साथ रखें और वाहनों में अनाधिकृत मॉडिफिकेशन न कराएं।

समस्या वार्ड 3 में लगा हुआ है समस्याओं का अंबार, लोग परेशान

जर्जर सड़कें और नालियां बनी मुसीबत

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

गुना। शहर के चुनिंदा पॉश इलाकों में शामिल वार्ड क्रमांक 3 इन दिनों बदहाल सड़कों और गंदगी से भरी नालियों की समस्या से जूझ रहा है। वार्ड में जगह-जगह सड़कें जर्जर हालत में हैं, वहीं नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से रहवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीवर परियोजना का काम शुरू होने के बाद सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई, जिसके चलते कई स्थानों पर सड़कें उखड़ी पड़ी हैं और आवागमन मुश्किल हो गया है। इन खराब सड़कों के कारण दुर्घटनाएं भी हो रही हैं।

इस वार्ड में शहर के कई बड़े आयोजनों और मेले की मेजबानी करने वाला प्रताप छात्रावास भी स्थित है। इसके सामने मुख्य मार्ग पर ही कचरे का ढेर लगा रहता है, जो इलाके की साफ-सफाई व्यवस्था की स्थिति बयां करता है। इसी के समीप गुना





का प्रधान डाकघर भी है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे महत्वपूर्ण स्थानों के आसपास गंदगी और अव्यवस्था से वार्ड की छवि प्रभावित हो रही है। वार्ड की नालियों की सफाई नहीं होने से बच्चों और बुजुर्गों को विशेष रूप से परेशानी उठानी पड़ रही है। नालियों में जमा गंदगी और सड़कों पर फैला कचरा रहवासियों के लिए रोजमर्रा की समस्या बन गया है। नागरिकों का कहना है कि पॉश इलाके में शामिल होने के बावजूद वार्ड को बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। सफाई व्यवस्था को लेकर लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। उनका कहना है कि लंबे समय से वह परेशानी का सामना कर रहे है, किन्तु समस्याओं का निदान नहीं हो रहा है।

क्या कहते हैं नागरिक

वार्ड के नागरिक शायद अली, राशिद अली, गजराज सिंह धाकड़ और एडवोकेट प्रदीप शर्मा के मुताबिक जर्जर सड़कें वार्ड के सौंदर्यीकरण को नुकसान पहुंचाने के साथ ही दुर्घटनाओं की वजह भी बन रही हैं। सीवर परियोजना का काम पूरा होने के बाद सड़कों की मरम्मत कराई जानी चाहिए थी, लेकिन लंबे समय से इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। नागरिकों ने संबंधित अधिकारियों से सड़कों की मरम्मत, नालियों की नियमित सफाई और प्रताप छात्रावास के सामने जमा होने वाले कचरे की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

उत्कृष्ट विद्यालय को मिली 2 .88 करोड़ की सौगात, नवीन भवन के लिए हुआ भूमिपूजन

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

राजगढ़। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में रविवार को नवीन भवन एवं अन्य निर्माण कार्यों का भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के माध्यम से लगभग 2 करोड़ 88 लाख 44 हजार रुपये की लागत से विद्यालय में 10 अतिरिक्त कक्ष, शौचालय, बाउंड्रीवॉल, रिपेंटिंग एवं अन्य सिविल निर्माण कार्य किए जाएंगे। इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने पर विद्यालय के लगभग 1100



विद्यार्थियों को बेहतर बैठक व्यवस्था एवं शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र के विकास का आधार

इस अवसर पर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) टेटवाल ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र के विकास का आधार है। विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होने से विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए अनुकूल वातावरण मिलेगा और उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होने कहा कि देश और प्रदेश की भाजपा सरकार शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। कई योजनाएं लागू की जा रही है।